तापमान

अधिकतम 38.5 डिग्री

न्यूनतम 20.4 डिग्री

# हरिभूमि इस्पात भूमि

रायपुर, सोमवार, 7 अप्रैल 2025




12 एचएससीएल के वीआरएस कर्मियों को बकाया राशि का भुगतान ब्याज के साथ दें



13 महाष्टमी पर मंत्रोच्चार के साथ महामाया और शीतला मंदिर में हुआ हवन-पूजन



## खबर संक्षेप

### पाठक ट्रेडर्स के संचालक ने की मारपीट

**भिलाई।** पाठक ट्रेडर्स के संचालक ने आटो चालक के साथ जमकर मारपीट कर गाली गलौज करने का मामला सामने आया है। शिकायत पर पुलिस ने संचालक के खिलाफ धारा 115 (2), 285, 296, 324 (4), 351(2) के तहत जुर्म दर्ज किया है। छावनी पुलिस ने बताया कि क्वा नं 129 केम्प 2 टाटा लाईन जलेबी चौक निवासी हीरालाल लोकहरे आटो चलाता है। अपनी सवारी आटो सीजी 07 एवी 4138 से छावनी चौक होते हुए पावर हाउस जा रहा था। इस दौरान नंदनी रोड में शारदा माता की शोभा यात्रा के कारण एक तरफ का रोड जाम था। सभी लोगो के साथ विपरीत दिशा के रोड से निकल रहे थे। इसे देख पीड़ित भी आटो से पावर हाउस जाने के लिए करूणा अस्पताल के पास नंदनी रोड से निकला। तभी पाठक ट्रेडर्स के संचालक हेमंत पाठक द्वारा सामने सड़क पर रेती फैला कर रखा था। कार क्रमांक सीजी 07 सीवी 2711 को असुरक्षित रूप से ट्रैफिक को प्रभावित करते हुए सड़क पर खडा किया था। तभी पीड़ित की आटो रेती से फिसलकर उसकी कार से टकरा गई। जिसे देख हेमंत पाठक ने दुकान से निकलकर गाली गलौज करना शुरु कर दिया। फिर हेमंत पाठक धक्का मुक्की देकर हीराला के साथ जमकर मारपीट कर दिया। घटना में पीड़ित के सिर, चेहरे व घुटने मे चोट आई है। हेमंत पाठक ने रेती के बेलचा से पीड़ित की आटो में जमकर तोड़फोड़ की।

### चोरी की बाइक के साथ दो युवक धरे गए

**भिलाई।** वाहन चोरी करने वाले दो युवको को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लियाहै। डीएसपी अजय कुमार सिंह ने बताया कि जेल से रिहा हुए पूर्व के आदतन अपराधियों पर पैनी नजर रखी जा रही थी। इस दौरान पाटन पुल उतई के पास दो संदेही सफेद रंग की एक्टिवा वाहन में जाते दिखे। उन्हें रोककर वाहन के कागजात को लेकर पूछताछ की गई। लेकिन उनके पास से कोई भी कागजात नहीं मिले। टीम ने सशक्त ऐप का उपयोग करते हुए वाहन के इंजन व चेचिस नंबर के आधार पर एप्प में सर्च किया। जिससे पता चला कि उक्त वाहन चोरी का है जिसका चोरी का अपराध दुर्ग कोतवाली थाने में दर्ज है। युवकों से पूछताछ करने पर अपना नाम बम्हनीभाठा,थाना डोंगरगांव, जिला राजनांदगांव निवासी हिमालय राज तिवारी 33 वर्ष और बीडी कालोनी, उरला दुर्ग रवि रामटेके 40 वर्ष है। आरोपियों ने वाहन को चोरी करने की बात स्वीकार की।

### भूखंड में कब्जा कर मारपीट, केस दर्ज

**भिलाई।** भूखंड में कब्जा कर मारपीट गाली गलौज करने वाले तीन लोगों के खिलाफ पुलिस ने जुर्म दर्ज किया है। शिकायत पर पुलिस ने 115 (2),296, 3(5),351 (2 के तहत जुर्म दर्ज किया है। छावनी पुलिस ने बताया कि एम जी नगर, जनता मार्केट पावर हाउस केम्प 2 निवासी संतोष गोयल का उनका खुद का गोयल सेल्स की शॉप है। राजस्व निगम द्वारा मानन उच्च न्यायालय बिलासपुर के आदेश से सस्ता मार्केट के सामने भिलाई में भूखण्ड 3, 04, 05 को सीमांकन कर कब्जा दिलाया। जहां गडढा खुदवाकर चिन्ह लगाया जा रहा था। जिस पर निर्माण कार्य किया जा रहा था। इस दौरान 4 अप्रैल की सुबह पीड़ित ने भूखण्ड को जाकर देखा। तब उमा शंकर वैश्य, अशोक ऊर्फ राजमन सेन, नारायण सेन द्वारा तीनो भूखण्ड में टीना का घेरा लगाकर कब्जा किया था। जिसे भूखण्ड पर अपना कब्जा होने का उच्च न्यायालय बिलासपुर का आदेश भी दिखाया। मगर उक्त लोगों ने भूखंड तक खाली नही किया, बल्कि तीनों ने गाली गलौज कर जान से मारने की धमगी दी। पीड़ित के गाल, कमर, दाहिने पैर चोट आई है।

## अपराधों पर अंकुश लगाने का पढ़ाया पाठ

# आधी रात को सड़क पर पुलिस की परेड, एएसपी बोले-दो दिन में दो चेन स्नेचिंग, घटनाओं को लेकर गंभीर रहें

**नगर के जुनवानी चौक पर तीन थानों के 40 से ज्यादा पुलिस जवानों ने की गश्त**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

नगर के जुनवानी चौक पर बीती आधी रात को तीन थानों के 40 पुलिस जवानों की गश्त टीम को एडीशनल एसपी अपराधों पर अंकुश लगाने का पाठ पढ़ाते नजर आए। पुलिस टीमों को अलर्ट रहने को लेकर बीती रात 12.20 बजे सड़क पर भी परेड करवा दी। इस दौरान पुलिस के जवान हाथ में डंडा लेकर चौराहे पर दौड़ लगाते हुए भी नजर आए। एडीशनल एसपी ने गश्त टीमों से कहा कि पिछले दो दिनों में दो चेन स्नेचिंग की घटनाओं को बदमाशों ने अंजाम दिया है। इन घटनाओं को रोकने को लेकर आप लोगों को गंभीर होना चाहिए। साथ ही मुस्तैदी से आपकों को रात्रि गश्त करना होगा। भिलाई में सुरक्षा और सर्तकता को बेहतर बनाने के लिए अब पुलिस नवाचार करने में जुटी है। इसकी एक बानगी बीती रात को नगर के जुनवानी चौराहे पर दिखी। दुर्ग सिटी कोतवाली थाना प्रभारी विजय यादव के साथ रात्रि गश्त में लगाए गए जवान भी जुनवाई चौक पर पहुंचे। इसी तरह सुपेला थाना प्रभारी राजेश मिश्रा जवानोंर छावनी थाना प्रभारी चेतन चंद्राकर भी रात में चौराहे पर टीम के साथ मौजूद थे। एडीशनल एसपी सुखनंदन राठौर ने तीनों थाना प्रभारियों की मौजूदगी में रात्रि गश्त टीम को अपराधों पर अंकुश लगाने को लेकर टिप्स भी दी। उधर बेसिक पुलिसिंग को पुख्ता करने और संवेदनशील जगहों पर लगातार पेट्रोलिंग करने के भी निर्देश दिए गए।

अलग खबर

### रात में कहां मस्ती कर रहे हो, घर पर रहो...

जुनवानी चौक पर रात 12.10 बजे चार युवक एक साथ घूम रहे थे। तभी एडीशनल एसपी सुखनंदन राठौररैर पुलिस ने उन्हें रोक लिया। साथ ही पूछा कि आप इतनी रात को क्यों घूम रहे हैं। युवक कुछ जवाब नहीं दे पाए। उसके बाद पुलिस अफसरों ने कहा कि रात में घर पर ही रहें। अगर आवश्यक काम हो तभी निकले।



### पुलिस ने डेरा बस्ती में दी दबिश, 3 बदमाश को पकड़ा

एडीशनल एसपी सुखनंदन राठौर ने बताया कि तीन थानों के जवानों की रात्रि गश्त में ड्युटी थी। मेरा भी बीती रात को रात्रि गश्त था। बीती रात एक डेरा बस्ती में छापामार कार्रवाई करनी थी। पुलिस ने तीन बदमाशों को भी डेरा बस्ती से पकड़ा है। रात्रि गश्त को लेकर जवानों को मोटीवेट कर समझाईश भी दी गई। पुलिस की यह गश्त देररात तक चली। इस दौरान संदिग्धों से पूछताछ की गई।

## सिविल सर्जन ने कहा-मरीजों के पलंग पर अटेंडर बच्चों की सुरक्षा के चलते साथ में लेट जाते हैं

# अटेंडरों के साथ पलंग पर लेटकर मरीज कराते हैं इलाज, सीएमएचओ ने कहा- सीएस उनकी सुनते नहीं

अरविंद शर्मा ▶▶| भिलाई

*500 बिस्तर के दुर्ग जिला अस्पताल के पुरुष, महिला और आइसोलेशन वार्ड में अटेंडरों के साथ पलंग पर लेटकर मरीज इलाज कराते हैं। शनिवार की आधी रात को मेटरनिटी वार्ड में भी प्रसूताओं के साथ भी अटेंडर लेटे हुए थे, तो वहीं महिला और पुरुष वार्ड से स्टाफ नर्स भी गायब थी।*

एसएनसीयू व मदर चाइल्ड यूनिट में भी पलंग के नीचे अटेंडर महिलाएं लेटी हुई थी। जिससे नवजातों में संक्रमण का खतरा बढ़ने का डर रहता है। इस मामले में सीएमएचओ का कहना है कि जिला अस्पताल की व्यवस्था सुधारने को लेकर कई बार सिविल सर्जन को निर्देश दिए हैं, लेकिन वह निर्देशों का पालन नहीं करते हैं। उन्होंने तो यहां तक कह दिया कि वह अव्यवस्था सुधारने को लेकर अक्षम है। जिला अस्पताल की व्यवस्थाओं की पड़ताल करने के लिए हरिभूमि की टीम शनिवार की रात 11.30 बजे पहुंची तो वार्डों में मरीजों को ड्रिप चड़ रही थी, लेकिन इस दौरान उनके साथ अटेंडर भी लेटे हुए थे। आइसोलेशन वार्ड में मरीजोंर अटेंडर एक साथ सो रहे थे, तो वही एसएनसीयू वार्ड के बाहर महिला स्टाफ सफाई करने में जुटी थी। उसके बाद भी मदर चाइल्ड यूनिट में अटेंडर महिलाएं प्रसूता महिलाओं के पलंग के नीचे सो रही थी। अस्पताल प्रशासन का कहना था कि मरीजों के अटेंडर उनकी सुनते नहीं है, जिसकी वजह से यहां पर अव्यवस्था व्याप्त है।

हरिभूमि एक्सक्लूसिव





### कलेक्टर की सख्ती के बाद भी नहीं सुधरी व्यवस्था

दुर्ग जिले के कलेक्टर सरकारी अस्पतालों की व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने के लिए निरीक्षण कर रहे हैं, लेकिन उसके बाद भी जिला अस्पताल में व्यवस्थाओं का सुधार नहीं हो रहा है। हालात यह हैं कि यहां पर वार्डों के बाहर सुरक्षा कर्मी तक तैनात नहीं है। अस्पताल के स्टाफ का कहना है कि आए दिन मरीजों के अटेंडर से विवाद होता है, उसके बाद भी सुरक्षा कर्मियों की तैनाती नहीं की जा रही हैं। जिला अस्पताल के वार्ड के बाहर स्थित शौचालय में लगे वॉशवेसन में पाइप भी गायब थे।





### वार्डों में कूलर नहीं होने से गर्मी से बेहाल मरीज कर रहे हैं रतजगा

जिला अस्पताल दुर्ग के महिला, पुरुषोंर आइसोलेशन वार्ड में गर्मी से मरीज बेहाल थे। हालात यह हैं कि गर्मी की दस्तक के बाद भी अस्पताल प्रशासन ने मरीजों को ठंडी हवा देने के लिए कूलर नहीं लगाए हैं। मरीजों ने कहा कि पंखे की गर्म हवा में उन्हें नींद नहीं आती है। कूलर लगाने को लेकर कई बार डॉक्टरोंर स्टाफ से बोला है, लेकिन सुनवाई नहीं हुई है। उधर सिविल सर्जन का कहना है कि वार्डों में कूलर लगाने का काम शुरू कर दिया है।

### सिविल सर्जन को कई बार कहा है व्यवस्था सुधारो लेकिन निराकरण आज तक नहीं किया

जिला अस्पताल में अव्यवस्था हैं, इसको लेकर मैं सहमत हूं। सिविल सर्जन को अव्यवस्था के निराकरण को लेकर कई बार कहा है। लेकिन निराकरण नहीं किया। जिला अस्पताल की मॉनीटरिंग करने का दायित्व मेरा है। मैं निर्देशित भी करता हूं। लेकिन सिविल सर्जन निर्देशों का पालन नहीं करते हैं। व्यवस्थाओं को सुधारने में मैं सक्षम नहीं हूं।

**-डॉ.मनोज दानी,** सीएमएचओ

### जिला अस्पताल में भर्ती मरीजों के छोटे बच्चे साथ में रहते हैं, इसलिए वे अंटेडरों के साथ लेट जाते हैं

जिला अस्पताल में सुरक्षा व्यवस्था में जल्द सुधार होगा। 40 सुरक्षा कर्मियों की तैनाती की जाएगी। जल्द ही निविदा जारी की जा रही है। वार्डों में मरीजों के पलंग पर अटेंडर सो रहे हैं। सुरक्षा कर्मी तैनात होने के बाद समस्या का निराकरण हो जाएगा। कई वार्डों में मरीजों के पलंग पर अटेंडर बच्चों के साथ लेट जाते हैं। वार्डों में कूलर लगाने का काम चल रहा है।

**-डॉ.हेमंत साहू,** जिला अस्पताल सिविल सर्जन

## मेडिकल कॉलेज की नर्स ने लगाई फांसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

- मृतका का छोटा बच्चा भी है
- जेवरा सिरसा पुलिस कर रही है जांच
- पारिवारिक अनबन की चर्चा

जुनवानी स्थित चंदूलाल चंद्राकर मेडिकल कॉलेज में कार्यरत एक नर्स ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। घटना शनिवार की है। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया है। जेवरा प्रभारी पुरषोत्तम कुर्रे ने बताया कि कचांदुर स्थित चंदूलाल चंद्राकर मेडिकल कालेज की स्टाफ नर्स नेहा 34 वर्ष अपने मकान में फांसी लगाकर आत्म हत्या कर ली। बताया जाता है कि मृतका नेहा अपने कमरे में गई और भीतर से दरवाजा बंद कर ली। नेहा के साथ उसका छोटा बच्चा भी था। नेहा और उसके पति के बीच अनबन को लेकर इस घटना को जोड़कर देखा जा रहा है। पुलिस नेहा के पति और आसपास लोगों से पूछताछ कर रही है। वास्तविक कारण घटना की जांच के बाद पता चल पाएगा। फिलहाल इस घटना से मेडिकल कॉलेज स्टॉफ में शोक का माहौल है। नेहा मिलनसार और अपने कार्य के प्रति संजीदा रही है। इस घटना से मेडिकल कॉलेज का स्टॉफ हतप्रभ है। पुलिस मेडिकल कॉलेज के स्टॉफ से भी पूछताछ करने जा रही है। मृतका नेहा का पोस्टमार्टम कर लिया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट से भी मामले का खुलासा हो सकेगा।

### फरार शराब बेचने वाले पकड़े गए

**भिलाई।** शराब का अवैध कारोबार करते हुए पुलिस ने दो युवकों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने धारा धारा 34 (2), 36 आबकारी एक्ट के तहत जुर्म दर्ज किया है। जेवरा प्रभारी पुरषोत्तम कुर्रे ने बताया कि फरार आरोपी किशन मानिकपुरी भेड़सर को चंद्रपुर महाराष्ट्र और पंकज निषाद डंडेसरा को बेमेतरा जिला से गिरफ्तार का जेल भेजा गया। दोनों युवक शराब का कारोबार करते थे। फरार रहने के बाद से पुलिस दोनों की तलाश में जुटी रही।

**फॉरेंसिक टीम कर रही जांच**

## दादर पथर्रा में मिली अधजली लाश माजदा से लाकर खेत में लगाई आग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

भिलाई-तीन थाना अंतर्गत दादर-पथर्रा में खेत में संदिग्ध परिस्थितियों में लाश मिलने से पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गई। प्राथमिक जानकारी के मुताबिक कुछ लोगों ने माजदा गाड़ी से शव को खेत में लाने के बाद जलाने का प्रयास किया। आसपास के ग्रामीणों ने इस तरह की जानकारी पुलिस को दी है। युवक के सिर पर भारी वजनदार वस्तु की मार के भी निशान है। माना जा रहा है कि उसकी हत्या कर लाश को ठिकाने लगाने खेत में जलाने का प्रयास किया गया।

रविवार की सुबह ग्राम दादर पथर्रा के लोगों ने इसकी जानकारी पुलिस को दी। खबर लगने पर पुलिस मौके पर फॉरेसिंक एक्सपर्ट की टीम पहुंची। शव को कब्जे में लेकर पीएम कराने के लिए भेजा। फिललहाल शव की शिनाख्त नहीं हो पाई है। मामले में पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ हत्या का अपराध कायम कर जांच में लिया है। भिलाई तीन पुलिस ने बताया कि भिलाई तीन स्थित दादर पथर्रा मार्ग पर खेत में एक 25 से 28 वर्षीय युवक की अधजली लाश मिली है। रोज की तरह घर से निकलने वाले ग्रामीणों



ने सबसे पहले लाश को देखा और भिलाई-3 पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही एएसपी सुखनंदन राठौर, सीएसपी छावनी हरीश पाटिल, फारेंसिक एक्सपर्ट डॉ .मोहन पटेल,टीआई महेश ध्रुव मौके पर पहुंचे थे। मृतक युवक के सिर पर तीन जगह पर चोट के निशान हैं। लाश को चटाई, कंबल और तिरपाल से ढंककर माजदा वाहन से लाकर खेत में जलाने की कोशिश की गई। जिससे लाश के पैर वाला हस्सिा ज्यादा और सीने से गर्दन की ओर कम जला है। लाश मिलने वाली जगह के पास सड़क पर टायर के निशान भी मिले हैं। इससे पुलिस संदेह जता रही है कि वाहन से शव को लाया गया होगा। खबर लिखे जाने तक पुलिस ने शव का शिनाख्त नहीं कर पाई थी।

### सीसी कैमरे में दिखा वाहन

शव को अज्ञात आरोपियों ने बुरी तरह जला दिया है। इसके कारण शिनाख्त कर पाने में पुलिस को मुश्किल हो रही है। घटनास्थल के आसपास बिजली पोल है, लेकिन बिजली व्यवस्था नहीं होने से सीसी कैमरा भी नहीं लगा है। इस कारण पुलिस को घटनास्थल से नहीं मिली । उमदा रोड में लगे एक सीसी कैमरे में एक चार पहिया वाहन दादर पथर्रा की ओर आते दिख रहा है, जो माजदा वाहन के समान दिख रही है।पुलिस को संदेह है कि इसी वाहन में लाश को लेकर आरोपीगण खेत पर पहुंचे होंगे। उसके बाद खेत में लाश को रख जला दिया होगा।

### हाथ में नाग सांप का टैटू

जांच के दौरान पुलिस को मृतक युवक के हाथ में नाग सांप का टेटू बना हुआ है। उसके माथे पर कट का निशान भी मिला है। जिस तरह से युवक की हत्या की गई संदेह जताया जा रहा है कि अवैध संबंध, पैसों का लेनदेन का हो सकता है। फिलहाल पुलिस सभी एंगलों में बारीकी से जांच कर तह तक पहुंचने में जुटी हुई है।

### पुलिस जांच में जुटी हुई है

अधजली लाश मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और हर पहलुओं को बारीकी से जांच कर रही है। शव की शिनाख्त नहीं हुई है। पहचान छिपाने के लिए शव को जलाया गया। पीएम रिपोर्ट आने के बाद सारी चीजे स्पष्ट होगी। फिलहाल जांच की जा रही है।

**-हरिश पाटिल,** सीएसपी छावनी

### दुकान का ताला टूटा

**भिलाई।** बंद दुकान का ताला तोड़कर सामान पार करने का मामला सामने आया है। शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ धारा 35, 331 (4) के तहत जुर्म दर्ज किया है। भिलाई नगर पुलिस ने बताया कि ब्लाक नं. 01 ए सड़क 30 सेक्टर 7 निवासी सौरभ शुक्ला जिला एवं सत्र न्यायालय दुर्ग मे अधिवक्ता है। उनकी पतंजली स्टोर्स डी मार्केट सेक्टर 6 को बंद कर घर लौट गए। सुबह पिता जितेन्द्र कुमार शुक्ला के मोबाईल फोन पर कॉल आया कि दुकान के शटर का ताला टूटा पड़ा है। सूचना मिलने पर तुरंत पीड़ित शॉप पहुंचे। दुकान के दो शटर का ताला टुटा हुआ था सीसीटीवी कैमरा चेक करने पर दो अज्ञात चोर का फुटेज मिला। दोनों युवक स्टोर्स का ताला तोड़कर भीतर प्रवेश करते दिख रहे है। दुकान से दो मोबाईल समेत नगदी 25 हजार रुपए आंकी गई है।

## फिल्टर प्लांट से 5 एमएलडी वेस्ट वाटर से पौधों की होगी सिंचाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

- 77 व 66 एमएलडी प्लांट के वेस्ट वाटर का भिलाई निगम करेगा सदुपयोग

नगर निगम भिलाई के 77 एवं 66 एमएलडी से वेस्ट वाटर अतिरिक्त अनुपयोगी पानी लगभग 5 एमएलडी तक निकलता है। जिसको फिल्टर करके छोड़ जाता है। वह पीने के योग्य नहीं होता परंतु अन्य कार्य किया जा सकता है। नेहरू नगर गुरु नानक सरोवर को भरते हुए हुए निकल जाता है। अभी गर्मी को देखते हुए भिलाई निगम इस वेस्ट वाटर का सदुपयोग पौधों की सिंचाई के लिए करेगा। आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय ने उद्यान अधिकारी तुलेश्वर साहू को निर्देश दिए हैं, कि पीने के पानी को उद्यानों में एवं पेड़ पौधों में मत डाला जाए। निगम का अतिरिक्त पानी निकलता है उसको ही फिल्टर प्लांट से भरकर के सभी रोड के किनारे, सड़क के मध्य में लगे हुए पेड़, पौधों, फूलो की सिंचाई की जाए। इसके साथ ही जो धुलाई का कार्य है वह भी अतिरिक्त पानी से ही किया जाए। पानी कीमती है इसे बचाया जाए। इसका पालन नगर निगम भिलाई के सभी जोन में किया जा रहा है। अब गाड़ी का धोना, साफ-सफाई, धूल भरी सड़कों पर पानी डालने इत्यादि का कार्य अतिरिक्त पानी से किया जाएगा। सभी जोन आयुक्त को निर्देशित किया गया है कि टैंकर भरते समय या ध्यान दिया जाए की पानी गिरे मत।



### साईं नगर बघेरा के सूने मकान में 2.60 लाख की चोरी, केस दर्ज

**भिलाई।** कोतवाली थाना अंतर्गत साई नगर वार्ड 56 बघेरा दुर्ग निवासी पुष्पा साव (64 वर्ष) के घर से 2.60 लाख रुपए से ज्यादा के सोने-चांदी के गहने चोरी हो गए। वह 1 अप्रैल को रातापायली, डोंगरगांव में रहने वाली अपनी बड़ी बहन बेलास साहू के नाती की शादी में गई थी। गुरुवार शाम करीब 5.30 बजे घर पहुंची।आलमारी एवं लॉकर का ताला टूटा मिला। उसमें रखा सोने का गुलबंद, झूमका, ईयररिंग, टॉप्स, अंगुठी और चांदी की करधन, चाभी का गुच्छा, गणेश मूर्ति समेत 2800 रुपए गायब थे। चोरी गए सामान की कीमत 2.86 लाख से अधिक रही।


**पाठक सूचना**

हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें- दुर्ग, भिलाई

9300663610, 7489348301

# आरटीई को लेकर 9 अप्रैल को बैठक

# कलेक्टर साहब... इन फर्जीवाड़ों पर भी कार्रवाई की दरकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

निःशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार को लेकर कलेक्टर अभिजीत सिंह 9 अप्रैल को बैठक लेंगे। भिलाई के नामी निजी स्कूलों में दाखिले के लिए शिक्षा माफिया काम कर रहा है। जो वास्तविक गरीब वर्ग के बच्चों का हक छीन रहे हैं। फर्जीवाड़ा कर दाखिला ले चुके हैं। खुलासे के बाद भी ऐसे लोग राजनैतिक रसूख दिखाकर विभागीय अधिकारियों की जांच को ठंडे बस्ते में डलवा दिया है। गरीब बच्चों की सीटें हथियाने वाले रसूखदार लोगों पर कार्रवाई की आस वास्तविक गरीब वर्ग के बच्चों और पालकों को है। कलेक्टर क्या इस बैठक में इन बच्चों व पालकों के साथ न्याय करेंगे या फिर वहीं ढाक की तीन पात वाली कहावत पर ये सिस्टम चलेगा।

## इस तरह चला है आरटीई में फर्जीवाड़ा, लगातार शिकायत के बाद भी स्थिति जस की तस

### पहलाः आरटीई पोर्टल हैकिंग कर दाखिला

आरटीई पोर्टल हैकिंग दो नोडलों में किया गया। जांच रिपोर्ट के मुताबिक डीपीएस रिसाली और डीएवी पब्लिक स्कूल नोडल के अंतर्गत 24 बच्चों का प्रवेश पोर्टल हैकिंग कर हुआ। 24 जून 2024 को संयुक्त संचालक शिक्षा दुर्ग संभाग आरएल ठाकुर ने इस मामले की जांच करवाई। जांच के आधार पर दोनों नोडलों की लापरवाही सामने आई। फलस्वरूप इन 24 बच्चों का प्रवेश तत्कालीन कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी के आदेश पर दाखिला निरस्त किया गया। इन बच्चों को फिर से दाखिला दिया गया है।

### दूसराः फर्जी अंत्योदय राशनकार्ड की जांच ठप

शिकायत पर कलेक्टर ने फर्जी अंत्योदय राशनकार्ड से दाखिले की जांच खाद्य विभाग से करवाई। जांच में 10 बच्चों के पालकों का अंत्योदय राशनकार्ड फर्जी निकला। यह मामला भी वर्ष 2024.25 का ही है। राशनकार्ड क्रमांक 223788919649 आरटीई से प्रवेशित बच्चे का क्रमांक 201500566443, राशनकार्ड 223790321 प्रवेशित बच्चे का क्रमांक 201400623617, राशनकार्ड 223783412936 आरटीई से प्रवेशित बच्चे का क्रमांक 2014006214878,राशनकार्ड 223788621450 आरटीई से प्रवेशित बच्चे का राशनकार्ड क्रमांक 201400614263, राशनकार्ड 2237 88878725आरटीई से प्रवेशित बच्चे का क्रमांक 202400666650, राशनकार्ड 223787278564 आरटीई से प्रवेशित बच्चे का राशनकार्ड242400627065 ,राशनकार्ड 223788414503 आरटीई से प्रवेशित बच्चे का क्रमांक 202400626218, राशनकार्ड क्रमांक 223781312740 आरटीई से प्रवेशित बच्चे का क्रमांक 202400678230, राशनकार्ड क्रमांक 223780332922 आरटीई से प्रवेशित बच्चे का क्रमांक 202400651166 और राशनकार्ड क्रमांक 223781564608 प्रवेशित बच्चे का क्रमांक 202400651420 फर्जी पाया गया। इस मामले में जांच अब बंद कर दी गई है। 850 बच्चों का अंत्योदय राशनकार्ड की जांच की जा रही थी।

### तीसराः 140 डुप्लीकेट आवेदनों की जांच बंद

कूटरचित दस्तावेजों के आधार पर अलग.अलग नोडलों में 140 डुप्लीकेट आवेदन मिले। कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी ने जिला स्तरीय छानबीन व जांच समिति गठित करवाई। इस समिति ने वर्ष 2024.25 में लाटरी के बाद 140 डुप्लीकेट आवेदनों के संबंध में बच्चों के अभिभावकों के खिलाफ पुलिस कार्रवाई करने के लिए पत्र भेजने कहा लेकिन समिति के जिम्मेदारअधिकारी जांच का हवाला देते हुए मामले को टाल दिया है।

### चौथाः फर्जी रेंट एग्रीमेंट से दाखिला

भिलाई दुर्ग के नामी स्कूलों में आरटीई से प्रवेश लेने के लिए रसूखदारों ने एक और कारनामा किया है। फर्जी किरायानामा प्रस्तुत कर गरीब बच्चों की सीटों पर प्रवेश लिया। इसका खुलासा होने के बाद जांच प्रारंभ करवाई गई। इस मामले में भी आगे की कार्रवाई नहीं बढ़ पाई। हाल यह था कि एक बच्चे ने 9 और 11 आवेदन अलग - अलग नोडल में अलग.अलग पते देकर प्रवेश पा लिया। केवल दो बच्चों के पालकों पर एफआईआर की गई।




## समस्या : निगम प्रशासन के ढेले-ढाले रवैये से स्थिति जस की तस

# सुपेला संडे बाजार फिर से बेहाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

सुपेला संडे बाजार में फिर से लोग जाम में फंस रहे हैं। स्थिति ऐसी है कि यहां से लोगों का गुजरना मुश्किल हो रहा है। निगम प्रशासन के ढीला- ढाला रवैए की वजह से स्थिति जस की तस पहुंच गई है। शराब दुकान को लेकर कई महीनों तक आंदोलन चला लेकिन अब सरकार बदलने के बाद यह ठंडे बस्ते में चला गया है।




### 20 फीट तक सिमट गई रोड

सुपेला से गदा चौक तक 100 फीट की चौड़ी सड़क संडे बाजार 20 फीट में सिमट जाती है। रोज गुजर रहे हैं हजारों वाहन संडे बाजार की व्यवस्था फिर चरमरा गई है सुपेला चौक से लेकर राजेंद्र प्रसाद चौक तक जाम की स्थिति फिर बनने लग गई है। यहां से रोज हजारों गाड़ियां रोज निकलती हैं। इस रोड को दो भागों में बांट भी दिया गया था इसके बाद भी जाम की स्थिति बन रही है। संडे बाजार में ग्राहक गाड़ियों को सड़क पर ही पार्किंग कर रहे हैं। फल के ठेले रोड में ही खड़े रहते हैं। इस अवैध पार्किंग सड़क केवल 10 फीट ही चलने योग्य बच जाती है यानी आवागमन के लिए सड़क बच नहीं पा रही है। हर समय जाम की स्थिति बनती जा रही है।

**दुकानों का सामान रोड परः** यहां के व्यापारी अपने सामान को दिन प्रतिदिन आगे बढ़ाते जा रहे हैं। लोग पैदल चल रहे हैं। पटरी पार के लोगों के लिए यह एक ही रास्ता है जहां से लोग आईआईटी रुंगटा कॉलेज महत्वपूर्ण संस्थान में आना-जाना करते हैं। यहीं से संयंत्र कर्मी आना-जाना करते हैं और पटरी पर सेक्टर बच्चे ट्यूशन के लिए आना-जाना करते हैं। पटरी पार के लोगों के लिए यही एक रास्ता है और दूसरा कोई रास्ता नहीं है।

**शराब दुकान नहीं हटीः** इसी रोड पर दो-दो शराब के दुकान है जहां से महिलाएं भी आना जाना नहीं कर सकती और जिसके कारण हमेशा जाम रहता है। जनहित संघर्ष समिति ने इस रोड पर फ्लाईओवर की भी मांग की थी मगर प्रशासन ने फ्लाईओवर को अनसुना करते हुए अंडर ब्रिज को प्राथमिकता दी रोज जाम से लोग हलकान हैं। सड़क के दोनों तरफ दुकान है दिन प्रतिदिन वाहनों की संख्या बढ़ती जा रही है मगर रोड उसी गति से छोटे होते जा रहे हैं। पूर्व में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह के अथक प्रयास से उनकी संकल्प से संडे बाजार को व्यवस्थित किया गया था मगर फिर से अतिक्रमणकारियो के हौसले बुलंद हैं।

### ज्ञापन दिया जनहित संघर्ष समिति ने

जनहित संघर्ष समिति के पदाधिकारियों ने धरना प्रदर्शन करके इस रोड को जाम से मुक्ति दिलाया था। फिर से कलेकटर को समिति ज्ञापन सौंपा। समिति के संयोजक शारदा गुप्ता, विनोद उपाध्याय ,हरिशंकर चतुर्वेदी, विशालदीप नायर, निशु पांडे ,मदन सेन, पारस जंघेल, बंटी नाहर, विजय गुप्ता, श्रीनिवास मिश्रा सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# एचएससीएल के वीआरएस कर्मियों की बकाया राशि का भुगतान ब्याज के साथ दें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

- एक्टू ने हाई कोर्ट के निर्णय के पालन की मांग

एक्टू यूनियन ने एचएससीएल के वरिष्ठ कार्यपालक नवीन दीवान को ज्ञापन सौंपकर एचएससीएल के वीआरएस कर्मचारियों की बकाया राशि का ब्याज सहित भुगतान किए जाने की मांग की है। कर्मियों को यह राशि अब तक भुगतान नहीं किए जाने से सेवानिवृत्त कर्मचारियों को आर्थिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। यूनियन के प्रतिनिधिमंडल में बृजेंद्र तिवारी, बीवी देशमुख शिवकुमार प्रसाद, आरपी चौधरी ,बालेश्वर शर्मा ,नंदलाल शर्मा ,एसआर चंद्राकर शामिल थे।



राज्य महासचिव बृजेंद्र तिवारी ने कहा कि ज्ञापन में बताया कि 25 फरवरी को डब्ल्यूपी (एस ) नंबर .6547/2016 उच्च न्यायालय के निर्णय अनुसार एचएससीएल के सभी वीआरएस कर्मचारियों की बकाया राशि का ब्याज सहित जल्द भुगतान करने कहा गया है। एचएससीएल के अधिकांश कर्मचारी चलने-फिरने लायक नहीं है।साथ ही गंभीर बीमारी से भी पीड़ित हैं। उधर कुछ कर्मचारियों की मृत्यु भी हो गई है।

### बार और रॉड मिल का रिकार्ड उत्पादन

**भिलाई।** बीएसपी की 0.9 मिलियन टन मापित क्षमता वाली मोडेक्स यूनिट, बार एवं रॉड मिल ने वित्तीय वर्ष 2024-25 में नया रिकार्ड बनाया है। संयंत्र ने अपने वार्षिक उत्पादन लक्ष्य 1.0 मिलियन टन को पार कर एक अभूतपूर्व उपलब्धि हासिल की। तृतीय पाली में बीआरएम की टीम ने लक्ष्य को सामूहिक प्रयास से पहली बार प्राप्त किया।

# विश्व स्वास्थ्य दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं...

WORLD HEALTH DAY

विश्व स्वास्थ्य संगठन स्वास्थय लाभों के बारे में जागरूकता पैदा करने के लिए हर साल 7 अप्रैल को दुनिया भर में वैश्विक स्वास्थ्य दिवस मनाता है। इस दिन विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा कई कार्यक्रम और व्यवस्थाएं आयोजित की जाती हैं। विश्व स्वास्थ्य दिवस को पहली बार 1950 में मनाया गया था। यह हमारे जीवन का अत्यंत महत्वपूर्ण पहलू है जिसे नकारा नहीं जा सकता। हम सभी जानते हैं कि पर्यावरण में विभिन्न प्रकार की बीमारियाँ मौजूद हैं जिनसे लोगों को परेशानी होती है। जिसके लिए लोगों में स्वस्थ्य सम्बंधित जागरूकता फैलाना और स्वास्थ्य के बारे में जानकारी देना उनका उद्देश्य है।

हर साल 7 अप्रैल को दुनिया भर के लोग स्वास्थ्य के मूल्य को पहचानने और इसके बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए विश्व स्वास्थ्य दिवस मनाते हैं। मानव जीवन स्वास्थ्य पर निर्भर करता है। यदि लोग सुखी और पूर्ण जीवन जीना चाहते हैं तो उनका स्वास्थ्य अच्छा होना चाहिए। काम, तनाव, विचार और दैनिक जीवन के कई अन्य पहलू सभी मुख्य रूप से किसी के स्वास्थ्य से प्रभावित होते हैं। विश्व स्वास्थ्य दिवस आपको स्वस्थय के प्रति जागरूक और एक स्वस्थ लाइफस्टाइल के प्रति ध्यान देने के लिए प्रेरित करता है। जिससे एक स्वस्थ व्यक्ति काम या स्कूल में अच्छा काम करेगा, कई बीमारियों से मुक्त रहेगा, भाव-नात्मक रूप से स्थिर रहेगा और शारीरिक रूप से स्वस्थ रहेगा। व्यायाम, पौष्टिक आहार और अच्छी स्वास्थ्य प्रथाओं का पालन किया जाना चाहिए। दुनिया भर में बढ़ती बीमारियों के कारण विश्व स्वास्थ्य दिवस मनाना जरूरी हो गया है। हर साल एक नई बीमारी सामने आती है जो लोगों में चिंता पैदा कर देती है। हर साल, विश्व स्वास्थ्य दिवस प्रमुख स्वास्थ्य मुद्दों के समाधान और स्वास्थ्य सम्बंधित दिक्कतों को रोकने के लिए एक विशिष्ट विषय स्थापित करता है। इस दिन, सभी को स्वास्थ्य देखभाल तक पहुंच सुनिश्चित करने के लिए इन विषयों को ध्यान में रखते हुए दुनिया भर में विभिन्न गतिविधियों और सेवाओं की योजना बनाई जाती हैं।














# वीरभद्र महायज्ञ का समापन, हजारों श्रद्धालुओं ने दी पूर्णाहुति

## जयशक्ति आश्रम निकुम में संतश्री माताजी द्वारा आयोजित वीरभद्र महायज्ञ सफलतापूर्वक संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

जयशक्ति आश्रम निकुम की पावनधरा में पिछले नौ दिनों से चल रही वीरभद्र महायज्ञ का समापन नवरात्र की नवमी के अवसर पर सफलतापूर्वक संपन्न हो गया।

नवरात्र की शुरूआत से लेकर समापन तक हजारों श्रद्धालुओं ने भागीदारी दी और अपनी मनोकामना के लिए आहूतियां दी। नवरात्र के इन पूरे दिनों में श्रद्धालुओं की आस्था और भक्ति देखने मिली।

### आध्यात्मिक शक्ति केंद्र के रूप में ख्याति

संतश्री माता जी का यह आश्रम न केवल दुर्ग जिले में बल्कि छत्तीसगढ़ में एक आध्यात्मिक शक्ति केंद्र के रूप में ख्याति अर्जित की है। जिसकी वजह से श्रद्धालु पूरे सालभर यहां आते हैं और जीवन के इस कठिन दौर में हर परिस्थिति में सार्थकता का बोध लेकर जाते हैं। यही वजह है कि यहां के श्रद्धालु अपार सेवाभाव के साथ पहुंचते हैं और संतश्री माताजी का आशीर्वाद प्राप्त करते हैं।






### देवि निकुंभला मंदिर व नगरी निर्माण का मार्ग प्रशस्त

आयोजक संतश्री माताजी इस पावनधरा में एक संकल्प लेकर चल रहे हैं। यह संकल्प है इस परिसर में तीर्थराज देवि निकुंभला मंदिर व नगरी का निर्माण। जिसके लिए माता जी के द्वारा महायज्ञों का आयोजन अनवरत जारी है। चार एकड़ मंदिर और 7 एकड़ परकोटा 25 एकड़ परिसर भूमि में इसका निर्माण होने जा रहा है। इन महायज्ञों से मंदिर व नगरी निर्माण का मार्ग प्रशस्त हो रहा है।

### वीरभद्र महाराज की प्राण प्रतिष्ठा से भक्तों में उत्साह

तीर्थराज देवि निकुंभला राजलक्ष्मी मंदिर निकुम में नवरात्र पर आयोजक संतश्री माताजी ने वीरभद्र महराज की प्राण प्रतिष्ठा करवाई। प्राण प्रतिष्ठा के बाद भक्तों में उत्साह वातावरण निर्मित हो गया है। इसलिए इस जयशक्ति आश्रम परिसर में देवि निकुंभला, राजलक्ष्मी मंदिर के साथ आध्यात्मिक शक्ति के रूप में एक और कड़ी जुड़ गई है। संतश्री माता जी ने वीरभद्र महराज की महिमा और उनकी पूजा-अर्चना से ऐसा फल प्राप्त होने का ज्ञान दिया है जिससे श्रद्धालुओं को एक दिव्य अस्त्र मिल गया है।



### सभी देवता मंत्रों के हैं अधीनः संतश्री माताजी

संतश्री माता जी ने महायज्ञ के समापन पर बताया कि इसी भांति कुंवार नवरात्रि में भी महायज्ञ का आयोजन किया जाएगा। संत श्री माताजी ने कहा कि प्रसिद्ध श्लोक के अनुसार, देवाधीनं जगत सर्वे, मंत्राधीना च देवता ते, अर्थात, सारा जग देवता के अधीन हैं और देवता मंत्रों के अधीन हैं। इस श्लोक के अर्थ को विस्तार से समझाया गया है। उन्होने यज्ञ के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यज्ञ एक विशिष्ट वैज्ञानिक और आध्यात्मिक प्रक्रिया है। जिसके द्वारा मनुष्य अपने जीवन को सफल बना सकता है। यज्ञ के जरिए आध्यात्मिक संपदा की प्राप्ति होती है। हमारे द्वारा दी जाने वाली आहूति को अग्निदेव अन्य देवताओं के पास ले जाते हैं। फिर यही देव प्रसन्न होकर उन छवियों के बदले कई गुना सुख, समृद्धि और अन्न-धन प्रदान करते हैं। इसी प्रकार वीरभद्र महायज्ञ के भी जीवन में कई लाभ उल्लेखित हैं। जयशक्ति आश्रम निकुम में देवि निकुंभला मंदिर मे श्रद्धालुओं ने मनोकामना ज्योत भी प्रज्वलित कराए थे। समापन पर इनका विसर्जन धूमधाम से किया गया। क्रमशः

## खबर संक्षेप



### रेलिंग के बीच रास्ते फंसा ट्रक, हो रही परेशानी

**उतई।** पाटन पुल सद्भावना चौक में नगर पंचायत उतई द्वारा भारी वाहनों के रोकथाम के लिए रेलिंग लगाया था। लेकिन शनिवार की सुबह ट्रक चालक की लावरवाही के चलते ट्रक रेलिंग के भीतर घुस गया। इसके कारण नागरिकों को आवागमन में परेशानी हो रही है। ट्रक रेलिंग में बड़ी विचित्र ढंग से फंस गई जिसे निकालने के लिए कड़ी मशक्कत करना पड़ा। मगर देर शाम तक ट्रक नहीं निकल पाई। शाम को ट्रक के पीछे चक्का के टायर, सामने चक्का के टायर को निकालने का प्रयास किया जा रहा था।

### महाअष्टमी पर बांटा जूस



**अंडा।** दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के ग्राम चंदखुरी के केनाल पारा में चैत्र नवरात्र महाअष्टमी के अवसर पर चन्द्रशेखर साहू के द्वारा समस्त ग्रामवासी व आने जाने वाले राहगीरों को तरबूज का जूस बनाकर पिलाया गया। माता रानी ने इसके सभी काम को मनोकामना पूर्ण करे। इस अवसर पर मुकेश साहू, खोरबाहरा, हिमांशु सिन्हा, हर्षिता साहू, फणीष साहू सहित अन्य ग्रामीणजनों का विशेष सहयोग रहा।

## जंवारा विसर्जन के साथ नवरात्रि पर्व का हुआ समापन

# नवरात्रि पर्व के अंतिम दिन ज्योत जंवारा का विसर्जन, उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶|सेलूद

ग्राम सेलूद सहित आसपास के गांवों में जवांरा विसर्जन की धूम मची रही। नौ दिनों तक माता के प्रति आस्था रखकर उपवास रखने वाली व्रती श्रद्धालुओं ने कन्या भोजन कराकर अपने उपवास खोला। इस दौरान नौ कन्याओं की पूजा-आर्चना की गई। चैत्र नवरात्र पर्व में कुवांरी कन्याओं की पूजा का विशेष महत्व होता है। गांव में शीतला व महामाया के अलावा घरों मे भी जग जवांरा स्थित कर माता चौरा में जवांरा बुवाई कर जलाए गए ज्योत कलश का नौ दिनों के पूजा के पशचात विसर्जन किया गया। शीतला व महामाया मंदिर में रात्रि के जवांरा विसर्जन की गई। गांव में दो घरों मे जवांरा बुवाई किया गया था। दोपहर को विसर्जन यात्रा में ग्रामीण श्रद्धालुओं की भीड़ देखी गई। चैत्र नवरात्र पर्व की एक विशेषता यह भी होती है कि इसमें कापालिक पूजा का विशेष महत्व होता है। विसर्जन के दौरान जवांरा के कलश के साथ कापालिक प्रतीक खप्पर का भी विसर्जन किया गया। कन्या भोज के दौरान नौ कन्याओं को भोज के पशचात उपहार स्वरूप वस्त्र, इत्यादि वितरीत किये। विसर्जन के दौरान मांदर और झांझ के धुनों में जसगीत गाते हुए मां के भक्तों मे अपार श्रद्धा देखी गई। गांव-गांव में यह पर्व बड़े धूमधाम से मनाया गया। सरपंच खिलेश मारकंडे द्वारा ज्योति जंवारा लेकर विसर्जित करने जाने वाले रास्ते पर टैंकर से पानी डलवाया गया ताकि धूल न उड़े व पैरों को ठंडकता महसूस हो। इस अवसर पर ग्राम सेलूद उपसरपंच राकेश साहू, ग्राम सभा अध्यक्ष सुरेन्द्र बंछोर, शीतला समिति अध्यक्ष संजय यादव, त्रिभुवन यदु, राजेन्द्र वर्मा, सुरेन्द्र कुर्रे, रुपेश यादव, अशोक जैन, रोमान वैष्णव, अनिल बनपेला, जवाहर वर्मा, झम्मन यदु, ब्रह्मानंद बंछोर, कीर्तन देवांगन, चिंटू टिकरिहा, मोहन चंद्राकर, लक्ष्मण साहू आदि उपस्थित थे।

### देवी जस गीत की धुनों से भक्तों में दिखी श्रद्धा



### चिरपोटी का जंवारा उत्सव होता है लोक आनुष्ठानिक



**अंडा।** संपूर्ण भारत सहित छत्तीसगढ़ में भी देवी आराधना शक्ति और प्रकृति पूजा के रुप में की जाती है। यहां पर चैत्र और क्वांर नवरात्रि में जवांरा बोने की परंपरा है। इस लोक अनुष्ठानिक और अनुशासित आयोजन ग्राम चिरपोटी में देखने को मिलता है। यहां के देवी भक्तों, पंडों, बइगा, लंगूरवा, जस गीत गायक सभी बेहद उत्साहित रूप से नौ दिनों तक प्रकृति माता की पूजा में लीन रहते हैं। वहीं अष्टमी हवन कर नौवे दिन स्थानीय मचांदूर नाला के स्वच्छ जल में जवांरा विसर्जित करते हैं। जहां संपूर्ण गांव के लोग दर्शक के रूप में उपस्थित होते हैं। लोक संस्कृति कर्मी और जनजाति शोधार्थी राम कुमार वर्मा ने बताया कि चिरपोटी में नौ दिनों तक जवांरा जिसमें गेहूं, तिल, मूंग, उड़द, जौ, अरहर सरसों आदि सात प्रकार के बीजों को अंकुरित करके यह जानने की कोशिश की जाती है कि आने वाले वर्षों में फसलें कैसी होगी? ऐसे में जब जॅवरा लहलहाने लगती है। तब कृषक बेहद प्रसन्नचित होते हैं कि आने वाले वर्षों में फैसले बहुत अच्छी होगी।

### ग्रामीण अंचल में शांतिपूर्ण किया जंवारा विसर्जन

**अंडा।** दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र अंडा क्षेत्र के अंतर्गत चिंगरी, अछोटी, भरदा, कुथरेल, कोनारी, चंदखुरी, कोलिहापुरी, पिसेगांव, भानपुरी, जंजगिरी विनायकपुर, आमटी, मासाभाट, आलबरस, निकुम, खाड़ा, रूदा, भोथली, तिरगा, झोला, अंजोरा, खपरी, सिलोदा, रसमड़ा, बोरई गानयारी सहित अन्य अंचलों में चैत्र नवरात्रि के अंतिम दिन नवमीं तिथि पर जवारा विसर्जन कार्यक्रम किया गया। नौ दिनों तक घर में रखे जवारों का विसर्जन मां शीतला दरबार मंदिर में विधि-विधान से पूजा-अर्चना के साथ की गई। इस दौरान शहर सहित ग्रामीण अंचल में शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में बड़ी संख्या श्रद्धालु शामिल हुए। रैली में शामिल भक्तों की आस्था ऐसी दिखी कि देवी मां को खुश करने कोई अपने जीभ में तो कुछ भक्त अपने गाल में लोहे का त्रिशूल आर पार कर झूमते-नाचते मंदिर पहुंचे। शहर व ग्रामीण अंचल के समीप देवी धाम में कई वर्षों से शारदीय व चैत्र नवरात्रि में जवारा रखा जाता है। जहां शहर व ग्रामीण अंचल सहित आसपास के बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं। चैत्र नवरात्रि के नवमी के दिन धूमधाम से जवारा विसर्जन किया गया।



## अंचल की खबरें

### भक्ति व समर्पण से होती है मातारानी की प्राप्ति



**पाटन।** चैत्र नवरात्रि के पावन अवसर पर ग्राम केसरा में रामायण सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। पंडित महेश शर्मा, अशोक साहू पूर्व उपाध्यक्ष जिपं दुर्ग, नोमिन ठाकुर सदस्य जिपं दुर्ग, दिनेश साहू सदस्य जप पाटन, डॉ. ईश्वर निषाद सरपंच, हितेश ठाकुर प्रतिनिधि जिपं, गजानंद सिन्हा, बसंत सिन्हा, तेजराम सिन्हा, टीकाराम साहू ने भगवान सियारामचंद्र व हनुमान की पूजा-अर्चना कर क्षेत्रवासियों की सुख-समृद्धि, शांति, खुशहाली की मंगलकामना किए। सभी अतिथियों ने चैत्र नवरात्रि की बधाई प्रेषित करते हुए कहा कि सिया रामचंद्र की कृपा दृष्टि सभी को मिलता रहा है और आगे मिलता रहेगा। पूर्ववर्ती भूपेश सरकार में रामवन पथ गमन के माध्यम से हमारी आस्था को जीवंत रखने का सौभाग्य मिला था। इस अवसर पर हरिनाथ सिन्हा, सालिक सिन्हा, खेमलाल सिन्हा, चोवा सिन्हा, मदन यादव, नरेश सिन्हा, दूजराम साहू, संतोष सिन्हा, कार्तिक साहू, तेजराम सिन्हा, भगवानी सिन्हा, राजू सिन्हा, घनाराम, जितेंद्र, डॉ. पवन निर्मल, जितेंद्र यादव, आत्मा पाल, हिरासिंह साहू, संतोष पटेल, श्याम सिन्हा, राजू सिन्हा, सागर, लक्की, कमलेश पटेल सहित मानस गान आयोजक समिति के सदस्य एवं समस्त ग्रामवासी उपस्थित थे।

### जनसमस्या समाधान के लिए 11 तक लिए जाएंगे आवेदन

**कुम्हारी।** राज्य सरकार द्वारा सुशासन की स्थापना और जन समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए सुशासन तिहार का आयोजन किया जा रहा है। इस अभियान के अंतर्गत आम जनता की समस्याओं का समाधान सुगमता से और पारदर्शी तरीके से करने का प्रयास किया जा रहा है। इसी क्रम में कुम्हारी नगर पालिका कार्यालय में आवेदन लेने के लिए व्यवस्था की जा रही है। नगर पालिका कुम्हारी में इसके लिए 8 अप्रैल से 11 अप्रैल तक आवेदन प्राप्त किए जाएंगे। जहां सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक नागरिक अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन पत्र जमा कर सकेंगे। नगर पालिका कुम्हारी कार्यालयों में समाधान पेटी रखी जाएगी, जिसमें नागरिक अपनी शिकायतें लिखित रूप में 8 अप्रैल से आवेदन डाल सकते हैं। इन समस्याओं का समाधान तय समय-सीमा में करने की प्रक्रिया सुनिश्चित की जाएगी। जनता की सुविधा हेतु ऑनलाइन आवेदन की भी सुविधा रहेगी। इस अवसर पर प्रशासनिक अधिकारी, जनप्रतिनिधि और अन्य संबंधित विभागों की भागीदारी भी सुनिश्चित की जा रही है, जिससे अभियान को सफल बनाया जा सके। इस अभियान का उद्देश्य शासन की पारदर्शिता बढ़ाना, जनभागीदारी सुनिश्चित करना व शीघ्र समाधान करना है।

### नंदिनी माइन्स के आश्रितों का होगा ब्लड टेस्ट



**नंदिनी-अहिवारा।** बीएसपी नंदिनी मांइन्स में रह रहे आश्रितों के लिए बुनियादी सुविधाओं पर चर्चा करने के लिए डॉ. के ठाकुर सीएमओ, डॉ. गुरमीत सिंह और जामुलकर जीएम, नंदिनी माइंस, शशिभूषण प्रसाद उप प्रबंधक, नंदिनी खदान ने नंदिनी अस्पताल का दौरा किया। साथ ही यह निर्णय लिया गया कि ब्लड टेस्ट को सप्ताह में दो बार मंगलवार और शुक्रवार सेक्टर9 जवाहरलाल नेहरू चिकित्सालय भेजा जाएगा। रिपोर्ट्स अगले दौरे के दौरान एकत्र की जाएंगी और नंदिनी अस्पताल में मरीजों को वितरित की जाएंगी।

### सेवा संकल्प समिति ने निकाली शोभायात्रा

**कुम्हारी।** कुम्हारी में राम नवमी के उपलक्ष्य में रविवार को सेवा संकल्प समिति द्वारा श्रीराम भगवान की भव्य शोभायात्रा निकाली गई। उक्त जानकारी देते हुए समिति के सदस्य सुजीत यादव ने बताया कि शोभायात्रा में इस बार छत्तीसगढ़ी संस्कृति को शामिल कर कुछ खास किया गया। यात्रा में गढ़वा बाजा, राऊत नाचा, राममय स्वर ध्वनि के साथ विभिन्न प्रकार के झांकियों में श्रीराम भगवान का अलौकिक दर्शन कराया गया। इनके अतिरिक्त राम भक्तों का वानर सेना, राम दरबार की झांकी के साथ पूरे कुम्हारी में जय श्री राम के नारों से जगह-जगह भव्य आतिशबाजी भी की गई। शोभायात्रा बाजार चौक से प्रारंभ होकर कर पूरे नगर में भ्रमण की।

## भारतीय जनता पार्टी मंडल ओटेबंद का मनाया स्थापना दिवस



**अंडा।** श्री विष्णु धाम मंदिर प्रांगण में भारतीय जनता पार्टी मंडल ओटेबंद का स्थापना दिवस 6 अप्रैल को मनाया गया। इस अवसर पर मंडल के अध्यक्ष कुलदीप साहू, अध्यक्ष जनपद पंचायत गुण्डरदेही पुरुषोत्तम लाल चंद्राकार, सेवा पखवाड़ा योजना के संयोजक भूपेंद्र निषाद सदस्य ईश्वर यदु, सिरसिदा से डॉ हीरालाल साहू , खेमन चंद्राकर, चंद्र प्रकाश साहू, इंद्रजीत चंद्राकर, ग्राम ओटेबन्द से पुखराज निर्मलकर, अगेश यादव,उत्तम साहू, विकाश चंद्राकर,ढाल सिंह मंडावी तमोरा, शत्रुहन साहू देवरी, शोभाराम, उपस्तिथ रहे। इस अवसर पर अध्यक्ष जनपद पंचायत गुण्डरदेही पुरुषोत्तम लाल चन्द्राकर ने कहा कि भाजपा सरकार के सभी योजनाओं का लाभ अपने क्षेत्र में सबको मिलेगा, भाजपा सरकार जैसे कि अभी प्रति माह महतारी वंदना योजना में जिसका नाम छुटा होगा, तो उसका नाम जोड़ा जायेगा। क्षेत्र में विकास कार्य सबके लिए होगा।

## बिजनेस साइट

### ओम ज्वेलर्स को ग्राहकों का मिल रहा बेहतर प्रतिसाद




**भिलाई।** शहर के हृदय स्थल इंदिरा मार्केट प्रिया श्रृंगार सदन के सामने शॉप नंबर 64बी में स्थित ओम ज्वेलर्स दुर्ग अपने ग्राहकों के हितों के लिए हमेशा प्रतिबद्ध है। जहां आपको मिलता है भारत सरकार द्वारा huid पास टोटल हॉलमार्क के गहनों का विशाल रेंज उपलब्ध है। जिसमें नये व पुराने ग्राहकों को 100 प्रतिशत संतुष्टी निश्चित होकर गहने खरीद सकते हैं। साथ ही गहनों मे टूट फुट की 2 साल की रिपेरिंग फ्री की सुविधा उपलब्ध है। मनपसंद कलात्मक ज़ेवर, ग्राहकों के रुपयों के अनुरूप कम कीमत से ज्यादा क़ीमत पर एक से एक नई नई डिजाइन उपलब्ध रहता है, दिवाली व शादी विवाह के सीजन को देखते हुए लाइट वेट से अधिकतम वेट की ज्वेलरी में सोने के नेकलेस, झुमका, बाली, एरिंग टॉप्स, रानी हार, चोकर.चांदी में पायल कमरबंद, बाजूबंद बिछिया, ऑल सोने चांदी की एक से बढ़कर एक वैरायटियों का नई-नई डिजाइन का विशाल रेंज उपलब्ध है। वहीं दूल्हे दुल्हन के लिए खास टूर बैग, इम्पोर्टेन्ट वॉच, जितना सोना उतना चांदी फ्री ग्राहकों की तत्काल गिफ्ट दिया जाता है। क़ीमत भी सबसे कम चीप दर पर गहने प्रदान किया जा रहा है और भी विशेषताएं प्रदान की जाती है। जैसे अपने पुराने सोने को नये जैसे बनाए वो भी बिना नुकसान के बिना वजन कम हुए तत्काल, पुराने सोने चांदी की 100 प्रतिशत मूल्यों के साथ वापसी, पुराने सोने-चांदी का तत्काल रिपेरिंग, मंगलसूत्र गुथायी 0 चार्जेबल पर, किसी भी गोल्ड के गहने पर 100 प्रतिशत वापसी, हमारी संस्थान में किसी भी प्रकार के गहने, जेवरों का पेमेंट घर से करने की सुविधा उपलब्ध, सभी प्रकार की चेक स्वीकार किए जाते हैं, आल एटीएम, डेबिट, क्रेडिट कार्ड स्वीकार किये जाते हैं, भारत सरकार द्वारा प्रमाणित 916.(22c )833(20c)750(18c )टोटल हॉलमार्क की गहने की भरपूर रेंज उपलब्ध, हर दस हजार की खरीदी पर चांदी की मूर्ति फ्री, हमारी संस्थान ग्राहकों को अच्छी क्वालिटी व गुणवत्ता की सुविधा प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है।

## महाष्टमी पर मंत्रोच्चार के साथ महामाया और शीतला मंदिर में हुआ हवन-पूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶|कुम्हारी



महाष्टमी के अवसर पर कुम्हारी स्थित मां महामाया मंदिर एवं शीतला मंदिर में हवन-पूजन संम्पन्न हुआ। हवन का कार्यक्रम शाम 4.30 बजे प्रारंभ हुआ। जिसकी तैयारी मां महामाया ट्रस्ट कमेटी द्वारा पहले ही की जा चुकी थीं। नवरात्र के नौ दिनों में अष्टमी तिथि का विशेष महत्व होता है नौ दिन उपवास रहने वाली व्रती विशेष रूप से अष्टमी के हवन में शामिल होते हैं। ऐसा मानना है कि तभी व्रतियों के नवरात्र के व्रत पूर्ण होते हैं। मंदिर प्रांगण में महाष्टमी में अलसुबह ही दर्शन के लिए भक्तों का तांता लगा हुआ था। बाकी दिनों की अपेक्षा मंदिर में तीन गुना अधिक भीड़ दिखाई दी। शाम 4.30 बजे ग्राम पुरोहित गुमानधर दीवान द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ हवन संपन्न कराया गया। जिनके बाद शाम 6 बजे पूर्ण आहुति दी गई। हवन में स्थानीय लोगों के अलावा आसपास के ग्रामीण भी उपस्थित थे। बता दे कि इस वर्ष चैत्र नवरात्र के अवसर पर महामाया मंदिर में 2172 ज्योत जलाए गए थे जिनमे विदेशों से भी लोगों ने अपने व परिवार की मंगल कामना के लिए ज्योत जलवाए। महाष्टमी के अवसर पर मंदिर परिसर में भोग वितरण भी किया गया। व्यक्तिगत एवं कई संस्थाओं ने भी मंदिर प्रांगण में भोग वितरित किए। महाष्टमी के पावन अवसर पर माता के दर्शन के लिए बाकी दिनों से कहीं अधिक भीड़ रही।

### चिंगरी के शीतला दरबार में हवन कार्यक्रम



**अंडा।** ग्राम चिंगरी के शीतला दरबार मंदिर में चैत्र नवरात्रि पर्व पर महाअष्टमी हवन का कार्यक्रम संपन्न किया गया। पंडित महेंद्र पाण्डेय एवं शीतला दरबार के पुजारी सालिक राम निर्मलकर के द्वारा विधि-विधान के साथ पूजा पाठ किया गया। तत्पश्चात मंत्र उच्चारण के साथ दरबार में आए भक्तों ने हवन कुंड में सांखला डाला। इस हवन में समस्त ग्रामवासी का विशेष सहयोग रहा। अंडा क्षेत्र के अंतर्गत अछोटी, भरदा, कुथरेल, कोनारी, चंदखुरी, कोलिहापुरी, पिसेगांव, भानपुरी, जंजगिरी, विनायकपुर, आमटी, मासाभाट, आलबरस, निकुम, खाड़ा, रूदा, भोथली, तिरगा, झोला, अंजोरा, खपरी, सिलोदा, रसमड़ा, बोरई, गनियारी, खप्परवाड़ा, देवरी ख, नाहंदा, गुरेदा, डंगनिया, परसदा, ओटेबंद, सिरसिदा, डौकीडीह सहित अन्य जगह भी चैत्र नवरात्रि पर्व पर महाअष्टमी हवन किया गया।

### मनाया रामनवमी पर्व



**जामगांव आर।** रामनवमी के पावन अवसर पर ग्राम सुरपा में सभी चौक -चौराहों में श्री रामचंद्र की झंडा लगाया गया। नरेंद्र धरमगुड़ी के नेतृत्व में बड़ी धूमधाम से रामनवमी पर्व मनाया गया। जिसमें कौशिक देवांगन, संजय देवांगन, टोमेंद्र धीवर, लालचंद कौशिक, गजाधर पटेल, लकी साहू, नरेंद्र निर्मलकर, गिरधर यादव, साई यादव, टूलेश्वर सिन्हा आदि उपस्थित थे।

HEALTH TOWN

K'sagar's श्रेयन आयुर्वेद

श्री श्रेयन आयुर्वेद
Panchkarma & Wellness Centre
(संतुलन से भरा आयुर्वेद, स्वस्थ्य जीवन का राज)
वैद्य-डॉ. पल्लवी क्षीरसागर
MD आयुर्वेद (पुणे)
Timing- (11-8) by Appointment
Mob.: 9111922122, 9111912122,0771-3558564
पता :- B-22 जगन्नाथ मंदिर के पीछे, गायत्री नगर, रायपुर (छ.ग.)
उपलब्ध पंचकर्म
• बस्ति
• उत्तर बस्ति
• जानु बस्ति
इत्यादि।

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130



15 5100 कन्याओं को पूजा, ...

## लाइव इवेंट

### 11 को जॉब फेयर, 2000 से ज्यादा युवाओं को मिलेगी नौकरियां

**दुर्ग।** कलेक्टर अभिजीत सिंह के निर्देश पर जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र और संजय रूंगटा ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन के संयुक्त तत्वावधान में 11 अप्रैल को रूंगटा इंजीनियरिंग (आर-2) महाविद्यालय कोहका में मेगा जॉब फेयर का आयोजन किया गया है। इस मेगा जॉब फेयर में निजी नियोक्ता द्वारा 2000 से अधिक पदों पर भर्ती की जाएगी। इसमें एसकेएच-वाय-टेक इंडिया प्राइवेट लिमि., पेटीएम, जस्ट डायल, टाटा मोटर्स, फियाट मोटर्स, रेडियेंट एचपी-क्यूसी लिमि., फॉक्स कॉन एचपी-क्यूसी लिमि., टेक्नोटास्क बिजनेस सॉलुशन, ड्रूल्स पेट फूड प्राइ.लिमि., टैक्समैकों रेल एण्ड इंजीनियरिंग लिमि., महावीर ग्रुप, बजाज, यकाहामा, सिम्प्लेक्स इंजीनियरिंग, स्क्वेयर बिजनेस सर्विस प्राइ.लिमि., च्वाइस ग्रुप इत्यादि अपने संस्थान में रिक्त पदों की भर्ती हेतु सम्मिलित होंगे।

जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र दुर्ग के उप संचालक आरके कुर्रे के अनुसार इसके लिए शैक्षणिक योग्यता स्नातक/ स्नातकोत्तर/ बी.ई./ बी.टेक./ डिप्लोमा/ आईटीआई/ एमबीए निर्धारित है। अधिक जानकारी एवं जॉब फेयर हेतु पंजीयन के लिए कार्यालय के फेसबुक पेज facebook.com/mccdurg अथवा कार्यालय के सूचना पटल का अवलोकन कर सकते हैं। मेगा जॉब फेयर में सम्मिलित होने के लिए लिंक http://forms.gle/itcf1kf8Ny8fjEKs5 में पंजीयन करना अनिवार्य होगा। इच्छुक आवेदक समस्त शैक्षणिक मूल प्रमाण एवं अंकसूची, पहचान पत्र (मतदाता परिचय पत्र, आधार कार्ड, पेन कार्ड, ड्रायविंग लाइसेंस) रोजगार कार्यालय का पंजीयन पत्रक, छग निवास प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र सभी दस्तावेजों की छायाप्रति के साथ मेगा जॉब फेयर में उपस्थित हो सकते हैं।

## सिटी इवेंट

### दुर्ग जिले से 53 अभ्यर्थियों का भारतीय सेना में अग्निवीर में चयन, नए आवेदन 10 तक

**दुर्ग।** जिला प्रशासन दुर्ग एवं जिला रोजगार एवं स्वरोगार मार्गदर्शन केन्द्र दुर्ग के संयुक्त तत्वावधान में अग्निवीर थल सेना वर्ष 2024-25 में लिखित परीक्षा उत्तीर्ण आवेदकों हेतु आवासीय एवं गैर आवासीय शारीरिक दक्षता परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण का आयोजन किया गया था। अग्निवीर भर्ती हेतु शारीरिक दक्षता परीक्षा एवं चिकित्सा परीक्षा रायगढ़ जिले में आयोजित की गई, जिसका परिणाम भारतीय थल सेना द्वारा घोषित किया गया है। घोषित चयन परिणाम के अनुसार दुर्ग जिले से कुल 53 अभ्यर्थी अग्निवीर (भारतीय थल सेना) हेतु चयनित हुए हैं। सेना भर्ती कार्यालय रायपुर से प्राप्त जानकारी अनुसार भारतीय थल सेना में अग्निवीर की भर्ती 2025-26 के लिये अधिसूचना जारी की जा चुकी है, जो भारतीय सेना की वेबसाइट www.joinindianarmy.nic.in पर उपलब्ध है। अग्निवीर की भर्ती जनरल, तकनीकी, क्लर्क, ट्रेडमैन (08वीं, 10वीं उत्तीर्ण), महिला सैन्य, पुलिस, नर्सिंग, सहयोगी और सिपाही फार्मा के पदो के लिये जारी की गई है। योग्य एवं इच्छुक आवेदक अग्निवीर भर्ती-2026 हेतु 10 अप्रैल 2025 रात्रि 11.59 बजे तक ऑनलाइन आवेदन जमा कर सकते हैं। इस बार के अभ्यर्थी अग्निवीर के दो पदों के लिए अपनी योग्यतानुसार आवेदन कर सकतें हैं। अग्निवीर क्लर्क के अभ्यर्थियों को ऑनलाइन परीक्षा (सीईई) के समय टाइपिंग टेस्ट देना होगा। ऑनलाइन परीक्षा (सीईई) जून 2025 के बाद होने की संभावना है। किसी भी अन्य जानकारी और समस्या के लिये सेना भर्ती कार्यालय रायपुर के टेलीफोन नंबर 0771-2965212 /0771-2965214 पर संपर्क कर सकते हैं। विस्तृत जानकारी के लिये जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र दुर्ग से ले सकते हैं।

## सिटी इवेंट

### संगरमरमर के पत्थर को तराशकर शिव-पार्वती की एक सेंटीमीटर की मूर्ति बनाई



**भिलाई।** नवरात्रि पर्व पर मां दुर्गा परिवार की दुनिया की सबसे छोटी मूर्ति का निर्माण मूर्तिकार डॉ. अंकुश देवांगन ने किया है। यह मात्र एक सेन्टीमीटर की है। संगमरमर पत्थर को तराशकर बनाई गई है। इस मूर्ति में भगवान शंकर, मां पार्वती तथा बीच में भगवान गणेश भी बालरूप में दृश्यमान हो रहे हैं। मूर्ति में भगवान शंकर का त्रिशूल और जटा से गिरती गंगा स्पष्ट है। वहीं मां पार्वती और भगवान गणेश को भी कलाकार ने अभय मुद्रा में बड़ी ही बारीकी से तराशकर बनाया है। चित्र में छोटी सी बच्ची अपने उंगली के नाखून पर रखकर इस मूर्ति को प्रदर्शित कर रही है। डॉ. अंकुश देवांगन को दुनिया की सबसे छोटी मूर्तियां बनाने के लिए पहले ही लिम्का बुक ऑफ द रिकॉर्ड का पुरस्कार प्राप्त है। उन्होंने देश विदेश के हर धर्म के देवी देवताओं की सूक्ष्म से सूक्ष्मतम प्रतिमाओं का निर्माण किया है। इनमें मां काली, शिवलिंग, भगवान गणेश के अन्यान्य अवतार, महापुरुषों की प्रतिमाएं तथा रावण की मूर्ति भी शामिल है। यही नहीं चांवल के छोटे-छोटे दानों पर भी वे अद्भुत चित्रकारी करते हैं। इसमें भगवान राम, विष्णु, कृष्ण, मां लक्ष्मी, भगवान बुद्ध, भारत का नक्शा, राष्ट्रध्वज, इंडिया गेट, गेट वे आफ इंडिया, चित्तौड़गढ़ का किला, गोलगुम्बज, ताजमहल, कुतुबमीनार, पीसा की मीनार, स्टेचु आफ लिबर्टी इत्यादि प्रमुख है। उनके द्वारा बनाई गई सूक्ष्म कलाकृतियों को सामान्य आंखों से नहीं देखा जा सकता और उसे देखने के लिए माइक्रो पावर लैंस की जरूरत होती है। बहरहाल दुनिया के इस सबसे छोटे मां दुर्गा परिवार की मूर्ति बनाने के लिए उन्होंने घरेलू औजारों जैसे आलपिन, ब्लेड, निडल इत्यादि का उपयोग किया है। भिलाई में सिविक सेंटर का कृष्ण अर्जुन रथ, सेल परिवार चौक, रूआबाधा का पंथी चौक, भिलाई निवास का नटराज, सेक्टर 1 का श्रमवीर चौक, बोरिया गेट का प्रधानमंत्री ट्राफी चौक, सुनीति उद्यान की एथिक्स मूर्तियां उनके कला की गवाह है।

---

● आईआईटी भिलाई के लिबरल आर्ट्स विभाग ने मानव कल्याण और मानसिक स्वास्थ्य पर आयोजित किया सम्मेलन

# मेंटल हेल्थ पर एआई की एंट्री, बच्चों की मानसिक स्थिति का लगेगा पता, दावा; सुसाइड के मामलों में आएगी कमी

आईआईटी भिलाई में लिबरल आर्ट्स विभाग ने मानव कल्याण और मानसिक स्वास्थ्य, तकनीकी प्रगति, चुनौतियां और भविष्य के हालात पर एक सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन का उद्देश्य जनकल्याण और कृत्रिम बुद्धिमत्ता जैसे मानसिक स्वास्थ्य को बनाए रखने और उपचार करने में उभरते तकनीकी नवाचारों की भूमिका को समझना था। इसके अलावा उन चुनौतियों को समझने पर भी जोर दिया गया, जो ऐसी तकनीकों को भलाई और मानसिक स्वास्थ्य में एकीकृत करने में आ सकती है। सम्मेलन के संयोजक मनोविज्ञान विषय के सहायक प्रोफेसर डॉ. अनिंदिता घोष और डॉ. राजकुमार एसलावथ ने अतिथियों का स्वागत किया। आईआईटी के निदेशक प्रो. राजीव प्रकाश ने इन विषयों को लेकर विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रोफेसर मीना हरिहरन को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर जानकारी दी गई कि मेंटर हेल्थ पर एआई की एंट्री हो चुकी है, इससे बच्चों की मानसिक स्थिति का पता चलेगा। सुसाइड जैसे मामलों में कमी आएगी।



**भिलाई।** मुख्य वक्ता के रूप में कार्यक्रम में शामिल हुईं सेंटर फॉर हेल्थ साइकोलॉजी एचसीयू की संस्थापक निदेशक प्रीना हरिहरन ने उच्च रक्तचाप और इसके तकनीकी प्रबंधन पर प्रकाश डाला। डॉ. नितिन आनंद एसोसिएट प्रोफेसर निमहांस ने डिजिटल लत, बुरी आदतों के बारे में बात की। आईआईटी दिल्ली के प्रोफेसर कमलेश सिंह ने प्रतिनिधियों को कल्याण के लिए तकनीकियों का उपयोग करने के बारे में बताया। प्रोफेसर विजयेंद्र पांडे एचओडी सीयूके, डॉ. चेतन आनंद, एसोसिएट प्रोफेसर एम्स रायपुर और डॉ शिखा सोनी, मनोवैज्ञानिक माइंड हाउस और डॉक्टर वीटा ने विभिन्न सत्रों की अध्यक्षता की। प्रतिभागियों को अपनी अंतर्दृष्टि और सुझाव प्रदान किए। सम्मेलन ने इसके प्रतिकूल प्रभावों से अवगत रहते हुए मानव कल्याण के लिए तकनीकी नवाचारों का उचित उपयोग करने के तरीके को समझने के बीच की दूरी को पाटने की पहल को चिह्नित किया। इस अवसर पर विषय विशेषज्ञों ने विस्तार से जानकारी दी। वर्तमान समय में सामने आने वाली दिक्कतों, आगामी योजनाओं और आत्मनिर्भर भारत की परिकल्पनाओं को लेकर भी मंथन किया गया। सामने आने वाली परेशानियों को सूचीबद्ध कर उनका समाधान तलाशा गया।

### भारत में भी अब एआई की मदद से इस तकनीक का उपयोग

भारत में भी अब एआई की मदद से इस नई तकनीक का उफयोग किया जा सकेगा। सॉफ्टवेयर के माध्यम से बच्चे का चेहरा पढ़ा जा सकेगा और पता लगाया जा सकेगा कि वर्तमान में उसकी मानसिक स्वास्थ्य की क्या स्थिति है। सॉफ्टवेयर चेहरा पढ़ कर बता देगा कि बच्चा अभी खुश है, उदास है, सामान्य या घबराया हुआ है। उनका दावा है कि इस सॉफ्टवेयर की मदद से आत्महत्या करने वाले छात्रों की संख्या में भारी गिरावट आएगी। पिछले कुछ वर्षों से विभिन्न कारणों और मुद्दों को लेकर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस बराबर चर्चा में बनी हुई है। यह कंप्यूटर विज्ञान की एक ऐसी शाखा है, जिसका काम बुद्धिमान मशीन बनाना है। हाल ही में सरकार के थिंक टैंक नीति आयोग और गूगल के बीच इस बात पर सहमति बनी है कि दोनों भारत की उदयमान एआई और मशीन लर्निंग के पारिस्थितिकी तंत्र को बढ़ावा देने के उद्देश्य से कई पहलों पर मिलकर एक साथ काम करेंगे, जिससे देश में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का पारिस्थितिक तंत्र निर्मित करने में मदद मिलेगी।

### मानसिक स्वास्थ्य पर एआई में हो रहे प्रयोगों पर हुई चर्चा



आईआईटी के प्रोफेसरों ने सम्मेलन में जानकारी दी कि यह कार्यक्रम आंशिक रूप से आईबीआईटीएफ के वित्त पोषित से है। यह विभाग इन विषयों पर भी काम करता है। आईबीआईटीएफ मानसिक स्वास्थ्य के लिए एआई पर प्रगति पर उनके कुछ वर्तमान कार्यों को प्रदर्शित करता है। इस अवसर पर मानसिक स्वास्थ्य के लिए एआई पर चल रहे उनके कुछ वर्तमान कार्यों को भी प्रदर्शित किया गया। जानकारी दी गई कि स्कूलों में एआई सॉफ्टवेयर की एंट्री हो गई है। स्कूल सॉफ्टवेयर की मदद से बच्चों के मानसिक स्वास्थ्य के बारे में जान सकते हैं। इस आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस को सॉफ्टवेयर को तैयार किया गया है। जिसके प्रयोग से बच्चों के मानसिक स्वास्थ्य के बारे में जानकारी ली जा सकती है। और जरूरत पड़ने पर बच्चे की काउंसलिंग की जा सकती है।

### नीति आयोग ने एआई जैसी प्रोद्योगिकी विकसित करने शुरू किया रिसर्च



नीति आयोग को एआई जैसी प्रौद्योगिकियां विकसित करने और अनुसंधान के लिये राष्ट्रीय कार्यक्रम तैयार करने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इस जिम्मेदारी पर नीति आयोग राष्ट्रीय डाटा और एनालिटिक्स पोर्टल के साथ आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पर राष्ट्रीय कार्य नीति विकसित कर रहा है, ताकि व्यापक रूप से इसका उपयोग किया जा सके। विशेषज्ञों ने बताया भारत में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की संभावनाएरोबोटिक्स, वर्चुअल रियल्टी, क्लाउड टेक्नोलॉजी, बिग डेटा, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस तथा मशीन लर्निंग और अन्य प्रौद्योगिकियों के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति कर भारत में निकट भविष्य में चौथी औद्योगिक क्रांति का सूत्रपात होने की संभावनाएं तलाशी जाने लगी हैं। स्वास्थ्य देखभाल के क्षेत्र में क्षमता बढ़ाने, शिक्षा में सुधार लाने, नागरिकों के लिये अभिनव शासन प्रणाली विकसित करने और देश की समग्र आर्थिक उत्पादकता में सुधार के लिये देश आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस तथा मशीन लर्निंग जैसी भविष्य की प्रौद्योगिकियों को स्वीकार करने का समय निकट आ रहा है।

---

## महिलाओं और बाल अपराधों की जानकारी इट्सो पोर्टल में करें अपडेट



**भिलाई।** पुलिस महानिरीक्षक दुर्ग रेंज रामगोपाल गर्ग ने अपने कार्यालय के सभागार कक्ष में महिला एवं बच्चों से संबंधित प्रकरणों के त्वरित निराकरण हेतु समीक्षा बैठक आयोजित की। बैठक में दुर्ग, बेमेतरा जिलों के महिला एवं बच्चों से संबंधित लंबित अपराधों की समीक्षा की गई। पुलिस महानिरीक्षक ने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि लंबित प्रकरणों में त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। साक्ष्यों का समुचित संकलन किया जाए, संवेदनशील मामलों का निराकरण प्राथमिकता से किया जाए। विशेष रूप से इट्सो( ITSSO) पोर्टल में महिला एवं बाल अपराधों की नियमित अपडेट पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। बैठक में दुर्ग जिले से अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रभारी आईयूसीएडब्लू पद्मश्री तंवर, बेमेतरा से डीएसपी आईयूसीएडब्लू कौशल्या साहू एवं डीएसपी शिल्पा साहू, उप निरीक्षक राज कुमार प्रधान उपस्थित रहे।

## हंस योग आश्रम मरोदा में माता राज राजेश्वरी की जयंती पर खुला प्याऊ

**भिलाई।** हंस योग आश्रम मरोदा भिलाई में मानव उत्थान सेवा समिति द्वारा राज राजेश्वरी देवी की जयंती के अवसर पर शीतल जल प्याऊ घर खोला गया। इसका उद्घाटन ग्रामीण विधायक व राज्य ग्रामीण एवं अन्य पिछड़ा वर्ग क्षेत्र विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष ललित चंद्राकर ने किया। इस मौके पर समिति के सदस्यों और स्थानीय ग्रामीणों ने भाग लिया। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने माता राज राजेश्वरी देवी को श्रद्धांजलि अर्पित की। उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया। इस दौरान सभी को रामनवमी पावन पर्व की शुभकामनाएं भी दी।

इस दौरान क्षेत्रीय विधायक ललित चंद्राकर ने प्रदेशवासियों को रामनवमी की हार्दिक शुभकामनाएं दी। सभी का जीवन सुख समृद्धि और खुशहाली से भरा रहे, ऐसी कामना की।इस अवसर पर प्रमुख रूप से महात्मा भुनेश्वरी बाई, हरिप्रयाग नन्द, हृदयानंद, मरोदा पुरैना मंडल अध्यक्ष राजू राकेश जंघेल, महामंत्री केशव पटेल, राजू राम, रोहित नायक, उग्रसेन पटेल, केशव पटेल, कृष्णा साहू सहित मानव उत्थान समिति के सदस्य उपस्थित रहे।




## 5 आंगनबाड़ी केंद्रों में होगी कार्यकर्ता-सहायिका की भर्ती, आवेदन 21 तक

**दुर्ग।** महिला एवं बाल विकास विभाग की अहिवारा परियोजना अंतर्गत 5 आंगनबाड़ी केंद्रों में कार्यकर्ता और सहायिका की भर्ती की जाएगी। आवेदन 21 अप्रैल तक एकीकृत बाल विकास परियोजना कार्यालय अहिवारा में कार्यालयीन समय में सीधे अथवा पंजीकृत डॉक से जमा किए जा सकते हैं। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त आवेदन स्वीकार नही किए जाएंगे।जानकारी के अनुसार आंगनबाड़ी केन्द्र रिंगनी केन्द्र 2, हरदी केन्द्र 2, कंदाई केन्द्र 2, कुम्हारी केन्द्र 15, कुम्हारी केन्द्र 8 में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और आंगनबाड़ी सहायिका के लिए आवेदन पत्र आमंत्रित किए गए हैं। आवेदन के लिए अर्हताएं- आवेदिका की आयु 18-44 वर्ष के मध्य निर्धारित है। 1 वर्ष या अधिक सेवा अनुभव रखने वाली कार्यकर्ता, सहायिका, सह सहायिका, संगठिता को आयु सीमा में तीन वर्ष की छूट दी जाएगी। आवेदिका उसी ग्राम की स्थाई निवासी होना चाहिए। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता पद हेतु 12वीं अथवा 11वीं बोर्ड उत्तीर्ण, आंगनबाड़ी सहायिका पद हेतु 8वीं बोर्ड उत्तीर्ण होना चाहिए।

---

हर दिन निकाली जा रही अहिंसा प्रभातफेरी, जैन समाज की 80 से ज्यादा संस्थाओं का सामूहिक आयोजन

# भगवान महावीर के 2624 जन्म कल्याण महोत्सव का आगाज, आयंबिक तप, कार्ड मेकिंग और सांस्कृतिक कार्यक्रमों से उत्सव की शुरुआत

कार्नर न्यूज

**दुर्ग।** भगवान महावीर के जय घोष के साथ भगवान महावीर का 2624 वां जन्म कल्याणक महोत्सव शुरू हो गया है। 7 दिनों तक चलने वाले इस आयोजन में 80 से ज्यादा जैन समाज की संस्थाएं सामूहिक रूप से शामिल हो रही है। हर दिन प्रभात फेरी निकालकर अहिंसा का संदेश दिया जा रहा है। रविवार को ऋषभदेव परिसर में नवकार महामंत्र एवं समय की साधना के साथ जन्म महोत्सव प्रारंभ हुआ। मालवीय नगर क्षेत्र, पदमनाभपुर क्षेत्र में जैन समाज के सभी वर्ग के लोगों की पावन उपस्थिति में अहिंसा यात्रा निकाली गई। 7 अप्रैल को गया नगर क्षेत्र से अहिंसा यात्रा प्रभात फेरी निकलेगी। भगवान महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव के आयोजनों में जैन साध्वी हेम प्रभा एवं साध्वी सुयशा का पावन सानिध्य इस आयोजन में मिल रहा है। समाज के नवीन संचेती ने बताया कि जैन समाज के सदस्यों के सहयोग से जैन दर्शन की सबसे उत्कृष्ट साधना आयंबिल तप का आयोजन ऋषभदेव परिसर में कल आयोजित की गई, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने इस तप की साधना की। इसी के साथ इसी परिसर में बच्चों के लिए कार्ड मेकिंग प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें जैन समाज के बच्चों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजनों में दुर्ग-भिलाई शहर की जैन समाज की संचालित पाठशाला के बच्चों ने शानदार सांस्कृतिक



कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। समता पाठशाला पदमनाभपुर ने प्रथम स्थान स्थान प्राप्त किया। वही द्वितीय स्थान पर समता पाठशाला गांधी चौक रही। तीसरे क्रम पर जैनत्व पाठशाला पदमनाभपुर रही। सभी पाठशाला के बच्चों ने समाज की अनेक कुरीतियों, मोबाइल के बढ़ते दुष्प्रभाव और अनेक विषयों को शामिल करते हुए सांस्कृतिक कार्यक्रमों में अपनी जीवंत प्रस्तुति दी। मीनल कोठारी ने वीर वाटिका कार्यक्रम का शानदार संचालन किया। अपनी सुमधुर आवाज से समां बांधा।

### भगवान महावीर स्वामी जन्म कल्याणक महोत्सव की तैयारी शुरू

10 अप्रैल को निकलेगी भव्य शोभायात्रा, सकल जैन समाज होगा शामिल

भगवान महावीर स्वामी का 2624वां जन्म कल्याणक महोत्सव इस वर्ष 10 अप्रैल तक पुरानी गंजमंडी प्रांगण में मनाया जाएगा। महोत्सव में अनेक धार्मिक एवं सामाजिक आयोजन ऋषभदेव परिसर एवं जैन समाज के भवनों में आयोजित होंगे। सामायिक दिवस के साथ ही भगवान महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव का आगाज होगा। इस संबंध में भगवान महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव समिति के अध्यक्ष अजय श्रीश्रीमाल एवं मंत्री चुन्नीलाल जैन ने बताया कि सात दिवसीय आयोजन में सामाजिक एवं सांस्कृतिक आयोजनों के साथ-साथ दुर्ग शहर के अलग-अलग क्षेत्रों से प्रतिदिन प्रभात फेरी (अहिंसा यात्रा) निकाली जाएगी। प्रभातफेरी का गंजपारा, ऋषभग्रीन सिटी, पदमनाभपुर मालवीय नगर, गयानगर, ऋषभ कॉलोनी, खंडेलवाल कॉलोनी क्षेत्र भी हिस्सा बनेंगे। उन्होने बताया कि वीर वाटिका, जैन महाभारत, अखिल भारतीय भक्ति गीत स्पर्धा भावेश बेध ऋषभ संभव जैन मुंबई एवं पिंटू स्वामी गंजमंडी प्रांगण में भक्ति कार्यक्रम की प्रस्तुति देंगे। महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव में मानव सेवा, गौ सेवा, रक्तदान शिविर, फल वितरण एवं भव्य भंडारे का आयोजन किया गया है। आयोजन समिति के प्रमुख प्रकाश गोलछा, रितेश बुरड़, पीयूष पारख, संदीप जैन, किशोर जैन, मनोज बाकलीवाल, राजा कांकरिया, ऋषभ देशलहरा सहित अन्य सदस्य आयोजन की तैयारियों में जुटे हुए है। 10 अप्रैल को भगवान महावीर जन्म कल्याणक की भव्य शोभायात्रा दिगंबर एवं श्वेतांबर मंदिर से प्रातः 7.30 बजे रथ यात्रा में भगवान की मूर्तियों के साथ मारवाड़ी स्कूल एवं कस्तूरबा बाल मंदिर में पूजा अर्चना के पश्चात भगवान महावीर स्वामी की भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी, जो शहर भ्रमण करते हुए श्वेतांबर एवं दिगंबर मंदिर गांधी चौक दुर्ग पहुंचकर संपन्न होगी।



## सिटी इवेंट

# राजपूत महिला मंडल ने 101 कन्याओं को कराया भोज



**दुर्ग।** राजूपत क्षत्रीय महासभा छत्तीसगढ़ रहटादह महिला मंडल द्वारा शक्ति पूजा एवं महाकन्या भोज का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मातृत्व शक्ति को जागृत करने के उद्देश्य से कन्या पूजन व कन्या भोज का आयोजन शंकर नगर स्थित महाराणा प्रताप मंगल भवन में किया गया। इसमें दुर्ग मेयर अल्का बाघमार, समाजसेविका डॉ. मानसी गुलाटी, चैम्बर ऑफ कॉमर्स महिला विंग की अध्यक्ष पायल जैन, पार्षद चंद्रशेखर चंद्राकर, अध्यक्ष मनीषा राजपूत, ममता राजपूत प्रमुख रूप से शामिल हुए। शक्तिपूजन कार्यक्रम की शुरुआत समाज के महिला मंडली भजन से हुआ। इसके बाद आये हुए अतिथियों ने मां नवदुर्गा माता की पूजा अर्चना दीप प्रज्वलित कर की। सैकड़ों की संख्या में पहुंचे पंगत में बैठे कन्याओं का पूजन कर भोजन कराया गया। उनको माता का श्रृंगार गिफ्ट भेंट किया गया। साथ ही उपस्थित सभी ने अपने अपने हिसाब से कन्याओं को गिफ्ट श्रृंगार भेंट कर आशीर्वाद प्राप्त किया। समाज के गौरव वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की मूर्ति पर फूल माला तिलक लगाया गया। अध्यक्ष बिंदु भुवाल, सचिव गीता राजपूत, कार्यक्रम में प्रमुख रूप से सरिता बैस, मंजू सिंह, छाया राजपूत, अल्का राजपूत, ममता राजपूत, सीमा राजपूत, माया देवी अन्य मौजूद थे।

- **दुर्ग मेयर अलका बाघमार हुईं शामिल, महाराणा प्रताप भवन शंकर नगर में हुआ कार्यक्रम**

## ● लोकांगन शांतिनगर में आयोजन, विधायक ने कहा-महिलाओं को सम्मान और सुरक्षा देने से ही समाज आगे बढ़ेगा

# 5100 कन्याओं को पूजा, पांव पखार कर आलता लगाया, चुनरी ओढ़ाकर कन्याओं ने ग्रहण किया भोज, दक्षिणा-उपहार की भेंट

**भिलाई।** चैत्र नवरात्रि अष्टमी और नवमी पर लोकांगन शांति नगर में कुंवारी कन्याओं के माता स्वरूप को पूजा गया। नौ दुर्गा स्वरूपा कुंवारी कन्याओं के पांव पखारे, उनका विधि विधान से पूजन कर, उन्हें चुनरी ओढ़ाई, आरती उतारी, श्रद्धापूर्वक भोजन कराया तथा दक्षिणा और उपहार देकर उनका आशीर्वाद लिया गया। आयोजन में वैशालीनगर विधायक रिकेश सेन प्रमुख रूप से शामिल हुए। आयोजन में 5100 कन्याओं का पूजन कर उन्हें भोजन कराया गया। विधायक रिकेश ने कहा कि हिंदू धर्म की मान्यताओं के अनुसार अष्टमी तिथि देवी दुर्गा के आठवें स्वरूप मां महागौरी को समर्पित होती है। इस पावन अवसर पर 5100 कन्याओं के पैर निर्मल जल से पखार कर आलता लगाने के बाद उनका पूजन कर उन्हें माता की चुनरी ओढ़ाई और भोजन करा उपहार दिया गया।श्री सेन ने बताया कि हर साल की तरह इस बार भी हमने कन्या पूजन समारोह का आयोजन किया है। पिछले 20 वर्षों से साल में दो बार वो यह आयोजन करते आ रहे हैं। इस बार कन्या पूजन समारोह भव्य स्वरूप में हो रहा है नतीजतन भिलाई से 5 हजार 100 कन्याएं आज पहुंची हैं। मां दुर्गा की आराधना को समर्पित यह पर्व शक्ति, श्रद्धा और समर्पण का प्रतीक है। मातारानी सभी पर कृपादृष्टि बनाए रखें। कन्या पूजन के दौरान विधायक रिकेश ने सभी बच्चियों से बातचीत कर उनकी पढ़ाई और स्कूल के संबंध में जानकारी भी ली।





### आकाशगंगा सुपेला में चैत्र नवरात्र के समापन पर विशाल भंडारा, सैकड़ों भक्तों ने ग्रहण किया प्रसाद

**भिलाई।** ढिल्लन कॉम्प्लेक्स आकाशगंगा सुपेला में चैत्र नवरात्र के समापन पर विशाल भंडारा का आयोजन किया गया। इस दौरान माता के सैकड़ों भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। इस दौरान पूरी, सब्जी, खिचड़ी का वितरण किया गया। आयोजकों ने बताया कि प्रतिवर्ष अष्टमी पूजन के बाद भंडारा का आयोजन किया जा रहा है। आसपास के व्यापारियों के सहयोग से यह आयोजन किया जाता है। इस अवसर पर विधि-विधान से पूजा-अर्चना, हवन पूजन के साथ पूर्णाहुति भी की गई।



## एजुकेशन लाइव

# बीएड प्रथम सेमेस्टर के घोषित नतीजों में महिला कॉलेज का प्रदर्शन बेहतर





**भिलाई।** हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग द्वारा घोषित बीएड प्रथम सेमेस्टर के परिणामों में भिलाई एजुकेशन ट्रस्ट द्वारा हॉस्पिटल सेक्टर में संचालित भिलाई महिला महाविद्यालय की छात्राओं ने बेहतर प्रदर्शन किया। महाविद्यालय की बीएड प्रथम सेमेस्टर का रिजल्ट 100% रहा। बीएड प्रथम सेमेस्टर के घोषित परिणामों के आधार पर प्रथम पूर्णिमा दास (82.5%), द्वितीय भावना सिंग (82.3%) व हेमलता राजहंस 81.25% तृतीय स्थान पर रहीं। साथ ही 95 छात्राओं ने 70% से अधिक अंक प्राप्त कर अपनी सफलता का परचम लहराया। भिलाई एजुकेशन ट्रस्ट के मैनेजिंग ट्रस्टी विजय कुमार गुप्ता, भिलाई महिला महाविद्यालय के शासी निकाय चैयरमेन अरविंद जैन, भिलाई महिला महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. संध्या मदन मोहन तथा शिक्षा विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. मोहना सुशांत पंडित ने बीएड की छात्राओं के उत्कृष्ट नतीजों पर हर्ष व्यक्त करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है। साथ ही शिक्षा विभाग की अन्य सहायक प्राध्यापिकाओं डॉ. हेमलता सिदार, डॉ. भावना, नाजनीन बेग, आशा आर्या, सत्यम मिश्रा, काकोली सिंघा, शकीबा व रोमा टंडन ने भी सफल छात्राओं को बधाई देते हुए निरंतर उत्कृष्ट प्रदर्शन की कामना की।

## दिल्ली में देखी संसद की कार्रवाई

# राष्ट्रीय युवा सांसद में देश के ज्वलंत विषयों पर विचार रखने वाले दुर्ग के दो स्टूडेंट सम्मानित

**भिलाई।** विकसित भारत की संकल्पना में राजनीति में भागीदारी सुनिश्चित कराने के लिए एक मुहिम को शुरू किए 6 वर्ष पूरे हो चुके हैं। इसमें प्रत्येक वर्ष युवाओं को प्रत्येक राज्य से अपने विचार रखने के लिए युवा सांसद के तौर पर राष्ट्रीय स्तर पर युवाओं को मंच प्रदान किया गया है। देशभर के 75000 युवाओं ने मिलकर विकसित भारत के विषय पर वीडियो के माध्यम से अपने विचार रखे। प्रत्येक जिले के 10 बच्चों का चयन राज्यस्तर पर किया गया। राज्यस्तर से सर्वश्रेष्ठ 3 वक्ता को राष्ट्रीय स्तर पर और पूरे भारत वर्ष से 105 युवाओ को एक देश एक चुनाव जैसे गंभीर विषय पर अपने विचार रखने का मौका मिला। दुर्ग जिले से ही 2 युवा अकुंर पांडेय और दीपांशु नेताम, सरगुजा जिला से 1 युवा आइका खातुन को राष्ट्रीय स्तर पर अपने विचार रखने का मौका मिला। राष्ट्रीय युवा सांसद की शुरूआत जिला स्तरीय भाषण प्रतियोगिता के द्वारा शुरू हुई, जिसमें से चयनित टॉप 10 ने राज्य स्तर पर प्रतियोगिता में भाग लिया। फिर उनमें से प्रथम 3 को अपने राज्य को राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिनिधित्व करने का अवसर मिला। उन्होंने एक राष्ट्र एक चुनाव पर संसद के कार्यवाही में भागीदारी दी। अपने विचार प्रस्तुत किए जिसके फलस्वरूप युवा कल्याण विभाग के द्वारा सम्मानित किया गया।



### प्रत्येक जिले के 10 बच्चों का किया गया था चयन

ब्लॉक लेवल पर 75000 वीडियों के माध्यम से अपने विचार रखे। प्रत्येक जिलों में 10 बच्चों का चयन राज्य स्तर के लिए हुआ, जिसमें 3 युवाओं ने मिलकर राष्ट्रीय स्तर पर छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व किया। इसमें राज्य स्तर पर प्रथम और द्ववितीय स्थान दुर्ग ने ही प्राप्त किया। हर राज्य में 3-3 युवा और पुरे भारतवर्ष से 105 युवाओ को भेजकर देश का नाम गौरान्वित किया। राज्य स्तर पर प्रथम अकुंर पांडेय दुर्ग और द्ववितीय स्थान दीपांशु नेताम दुर्ग ने प्राप्त किया। दोनों ने सांसद विजय बघेल से मुलाकात की। सांसद ने कहा कि एक देश एक चुनाव जैसे गंभीर विषयों पर आप जैसे युवाओं का विचार विकसित भारत के लिए सराहनी है। आप जैसे युवा सांसदों से मिलकर वे खुद को गौरान्वित महसूस कर रहे हैं।

## मनाई सम्राट अशोक की जयंती

# कलिंग का युद्ध जीतने के बाद अशोक हिंसा से अहिंसा के मार्ग पर चल पड़े



**दुर्ग।** दि बुद्धिस्ट सोसाइटी ऑफ इंडिया और महिला सशक्तिकरण संघ प्रदेश के सयुंक्त तत्वावधान में चक्रवर्ती सम्राट अशोक की 2329 वीं जयंती आम्बेडकर वाचनालय जवाहर नगर में मनाई गई। इस अवसर पर तथागत बुद्ध, डॉ. बाबासाहेब आम्बेडकर और सम्राट अशोक के छायाचित्र पर द्वीप प्रज्वलित कर माल्यार्पण किया गया।

सामूहिक रूप से त्रिशरण पंचशील का पाठ किया गया। कार्यक्रम की अगली कड़ी में प्रदेश अध्यक्ष प्रज्ञा बौद्ध ने अपने विचार व्यक्त करते हुए किस तरह कलिंग युद्ध के बाद सम्राट अशोक का ह्रदय परिवर्तन हुआ और उन्होंने भंते मोग्लिपुत्ततिष्स से बौद्ध धम्म की दीक्षा ली। पूरे भारत वर्ष में धम्म यात्रा की तथागत बुद्ध की शिक्षाओं का प्रचार प्रसार किया। 84 हजार स्तुप और विहार बनवाए। महाबोधि महाविहार हमारी मुख्य धरोहर है। रंजना वालवान्द्रे सम्राट अशोक को पुनर्जीवित करने का श्रेय अंग्रेज अधिकारी जेम्स प्रिंसिप को दिया । जिला अध्यक्ष सीके डोंगरे ने महाबोधि महाविहार बोधगया में तन, मन, धन से सम्मलित होने की अपील की। इन्दु ढोक ने सभी भी को साथ लेकर चलने का आव्हान किया। ट्रस्टी एसआर कानडे ने सम्राट अशोक के जीवनी पर प्रकाश डालते हुए सम्राट अशोक ने कलिंग युद्ध जीतने के बाद भी ह्रदय विदारक घटना से विचलित होकर जीती हुई बाजी को हारा मानकर विजयादशमी के दिन शस्त्र त्याग कर अधम्म पर धम्म की। हिंसा पर अहिंसा की विजय प्राप्त की।

इसी दिन को बौद्ध धम्म में धम्म विजय दिवस के रूप में मनाते हैं। इस दिन को यादगार बनाने के लिए डॉ. बाबासाहेब आम्बेडकर ने विजयादशमी के दिन ही नागपुर में बौद्ध धम्म की दीक्षा ली। लाखों लोगों को बौद्ध धम्म की दीक्षा दी। आगे उन्होंने कहा हमारी धरोहर बोधगया महाबोधि महाविहार को मुक्त कराने के लिए बोधगया आन्दोलन में शामिल होने की लोगों से पुरजोर अपील की ।अपनी धरोहर को संजोकर रखना हम सब का कर्तव्य है हमें युद्ध नही बुद्ध चाहिए। कार्यक्रम का संचालन प्रीतिमा गेडाम ने किया और नरेंद्र डोंगरे ने आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रज्ञा बौद्ध, रजंना वालवान्द्रे, नीतू रामटेके, पुष्पलता भोइर, बिन्दु वैद्य, सीके डोंगरे, आरएल लोखण्डे, बालक दास डोंगरे, नरेंद्र डोंगरे आदि मौजूद थे।

## धर्म इवेंट

# शीतला मंदिर में पूर्णाहुति के साथ ज्योति कलश का विसर्जन



**दुर्ग।** सिविल लाइन कसारीडीह स्थित प्रसिद्ध मां सतरूपा शीतला मंदिर में महाअष्टमी पर हवन पूजन किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने शामिल होकर हवन पूजन में पूर्णाहुति दी। तत्पश्चात कन्या भोज कराया गया। इसमें माता स्वरूप 21 कन्याएं शामिल हुईं। उनकी सेवा में मंदिर समिति के पदाधिकारी के अलावा श्रद्धालु जुटे रहे। इस अवसर पर महाप्रसादी का वितरण किया गया। महाप्रसादी ग्रहण करने श्रद्धालुओं की बड़ी संख्या में मंदिर में भीड़ उमड़ी। मंदिर में इस वर्ष 1551 की संख्या में ज्योत कलश प्रज्वलित किए गए थे। ज्योति कलश का विसर्जन रविवार को शाम 4 बजे भव्य शोभायात्रा के साथ की गई। महाष्टमी पर्व पर सतरूपा शीतला सेवा समिति के अध्यक्ष रोमनाथ साहू, सचिव प्रदीप देशमुख, उपाध्यक्ष शिवसागर सिन्हा, कोषाध्यक्ष सुरेंद्र धर्माकर, कृष्णा देशमुख, भारतेंदु गौतम, धनेश राजपूत, गणेश निर्मलकर, श्रीधर भजने, पुष्पा श्रीवास,चंपा साहू उपस्थित थे।

### धनोरा में बीएसपी बनाएगा डोम शेड, भूमिपूजन

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व पहल के तहत ग्राम धनोरा स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में डोम शेड एवं मंच निर्माण कार्य का भूमि पूजन कार्यक्रम महाप्रबंधक शिवराजन के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ। इस अवसर पर वरिष्ठ प्रबंधक सुशील कामड़े एवं उप प्रबंधक केके वर्मा, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की प्रधानाचार्य नीलिमा गजपाल सहित शिक्षक-शिक्षिकाएं और ग्रामवासी उपस्थित थे। निर्माण कार्य ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, दुर्ग के माध्यम से संपादित किया जाएगा।

## श्रीमद् देवी भागवत कथा के अंतिम दिन कथा सुनने बड़ी संख्या में जुटे भक्त

# परमेश्वरी मंदिर के दोनों गेट अब समाज के पुरोधा दीपचंद और आदि माता हरिणी के नाम पर पहचाने जाएंगे

**कार्नर न्यूज**

**भिलाई।** परमेश्वरी मंदिर प्रगति नगर रिसाली में चैत्र नवरात्रि के अष्टमी तिथि के अवसर पर परमेश्वरी मंदिर में आयोजित श्रीमद् देवी भागवत कथा के अंतिम दिन कथा सुनने बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। कथा में आचार्य डॉ. नीलेश शर्मा ने सावित्री कथा, नारी महिला, गायत्री पुरश्चरण वर्णन, मां कालरात्रि-महागौरी-सिद्धिदात्री की कथा का वर्णन करते हुए उनकी महिमा बताई। इसके बाद श्रद्धालुओं ने श्रद्धापूर्वक श्रीमद् देवी भागवत में चढ़ौत्री चढ़ाई। कथा स्थल पर देवी भागवत पुराण की महाआरती हुई, जिसमें बड़ी संख्या में उपस्थित महिलाओं ने अपने घर से लाए आरती की थाली से आरती की।



### शोभायात्रा निकाली गई, देरसत तक चली जसगीत

इसके बाद श्रीमद् देवी भागवत पुराण की शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें आचार्य डॉ. नीलेश शर्मा, मुख्य यजमान घनश्याम कुमार देवांगन एवं उनकी पत्नी सुमन देवांगन, सहायक यजमान सत्यपाल देवांगन एवं उनकी पत्नी इन्दु देवांगन सहित देवांगन जन कल्याण समिति भिलाई के पदाधिकारी गण विनोद देवांगन, गजेंद्र देवांगन, रेशमलाल देवांगन, टेसू राम देवांगन, दिनेश देवांगन, कल्पना भानु देवांगन, दयाराम देवांगन, जीतेन्द्र बांकुरे आदि मौजूद थे। शोभायात्रा की वापसी के बाद मंदिर में माता परमेश्वरी की आरती की गई। समिति की जसगीत टीम ने देर रात तक जसगीत का गायन किया।

### पुरखों के सम्मान में मंदिर के प्रमुख गेट का नामकरण

अष्टमी के पावन अवसर पर अपने पुरोधाओं को सम्मान देते हुए उनकी स्मृति में देवांगन जन कल्याण समिति भिलाई ने प्रगति नगर रिसाली स्थित परमेश्वरी मंदिर भवन परिसर के दोनों द्वारों का नामकरण देवांगन कुल के प्रथम आदिपुरुष दीपचंद द्वार एवं आदिमाता हरिणी द्वार के नाम पर करने की घोषणा की। इसका सभी ने करतल ध्वनि से स्वागत किया और जयकारा लगाया। सभी श्रद्धालुओं को भोग प्रसादी का वितरण किया गया।



# शुरू हो रही तीर्थ दर्शन योजना में विधवा व परित्यक्ता महिलाएं भी होंगी पात्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना 5 साल बाद फिर से शुरू होगी। पूर्व में वरिष्ठ नागरिक तथा दिव्यांगजन शामिल थे। लेकिन इस बार योजना में विधवा एवं परित्यक्त महिलाओं को भी शामिल किया गया है। राज्य शासन द्वारा इस योजना के निर्देश जारी किए जाने के बाद समाज कल्याण विभाग द्वारा आवेदन लेने की प्रक्रिया आगामी दोनों शुरू की जाएगी। दुर्ग जिले से हर महीना 435 यात्रियों को तीर्थ दर्शन योजना का लाभ दिया जाएगा।

उल्लेखनीय है कि, मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना पिछले 2019 से बंद कर दिया गया था। भाजपा द्वारा शुरू की गई इस योजना को चलाने में पूर्व के कांग्रेस की सरकार ने रुचि नहीं दिखाई जिसकी चलते यह योजना 2019 से बंद था। योजना के क्रियान्वयन तथा तीर्थ यात्राओं के संचालन के लिए जिला स्तरीय समिति का गठन किया जाएगा। जिसमें विभिन्न तीर्थ स्थानों की यात्रा हेतु जिलों के यात्रियों की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिला स्तर पर मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन समिति का गठन किया जाएगा। समिति में प्रभारी मंत्री (जिला) अध्यक्ष, कलेक्टर उपाध्यक्ष, जिला पुलिस अधीक्षक सदस्य, मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत सदस्य सही समिति में पांच सदस्य होंगे। निर्देश में कहा गया है कि, आवेदक को किन्ही दो नाम किसी आपात स्थिति में तुरन्त सम्पर्क किया जा सके, का वर्णन भी आवेदन पत्र में निर्धारित स्थान पर करना होगा, उसमे कम से कम एक का मोबाइल नंबर देना आवश्यक होगा। योजना में 65 वर्ष से अधिक आयु के ऐसे व्यक्ति, जिसने अकेले यात्रा करने हेतु आवेदन किया है, उन्हें अपने साथ एक सहायक को यात्रा पर ले जाने की पात्रता होगी, जिसकी आयु 21-50 वर्ष होगी। आवेदक पति/पत्नी में से किसी का नाम चुना जाता है तो उसका जीवन साथी भी यात्रा पर साथ जा सकेगा, आवेदक के जीवन साथी की आयु 60 वर्ष से कम हो. तब भी आवेदक के साथ यात्रा की जा सकती है, आवेदन करते समय ही आवेदक को बताना होगा कि उसका जीवनसाथी भी उसके साथ यात्रा करने का इच्छुक है, ऐसी स्थिति में उक्त जीवन साथी का आवेदन भी संलग्न करना होगा, यदि सहायक को यात्रा पर साथ ले जाने की पात्रता है तो उस सहायक का आवेदन भी जमा किया जायेगा। इसी तरह से दिव्यांग आवेदक पति, पत्नी में से किसी का नाम चुना जाता है तो उसका जीवनसाथी भी यात्रा पर जा सकेगा।

## हितग्राही विभाग जनपद और निकायों में कर सकेंगे आवेदन

### इस तरह होगी हितग्राहियों के चयन की पात्रता

इस योजना के 75 प्रतिशत हितग्राही ग्रामीण क्षेत्र के तथा 25 प्रतिशत हितग्राही शहरी क्षेत्र के होंगे। वही 80 प्रतिशत हितग्राही बी.पी.एल. अंत्योदय एवं मुख्यमंत्री खाद्यान्न योजना के कार्डधारी होंगे एवं 20 प्रतिशत हितग्राही गरीबी रेखा के ऊपर के नागरिक होंगे, जो आयकर दाता न हो। प्रत्येक स्थान की यात्रा हेतु प्राप्त आवेदनों में से उपलब्ध कोटे के अनुसार यात्रियों का चयन किया जाएगा, यदि निर्धारित कोटे से अधिक संख्या में आवेदन प्राप्त होते है, तो लॉटरी द्वारा यात्रियों का चयन किया जाएगा। कोटे के 25 प्रतिशत अतिरिक्त व्यक्तियों की प्रतीक्षा सूची भी बनायी जाएगी।



### अप्रैल माह में जाएगी पहली खेप

समाज कल्याण विभाग के उपसंचालक अमित परिहार ने बताया कि, अप्रैलके अंत में हितग्राहियों को दर्शन कराया जाएगा। फिलहाल निर्देश नहीं आए हैं। पहली खेप शिरडी, शनिसिंघनापुर, त्रयम्बकेश्वर की यात्रा कराई जाएगी। सभी जनपद पंचायतों के सीईओ एवं नपानि के आयुक्त तथा नपा कार्यालय में यात्रा प्रारंभ के 15 दिवस पूर्व आवेदन जमा कर सकेंगे। कोटे के 25% अतिरिक्त व्यक्तियों की प्रतीक्षा सूची भी बनाई जाएगी।

### जिलों के समूह के आधार पर कोटा निर्धारित

तीर्थ दर्शन के लिए हर माह शासन द्वारा जिले में कोटा निर्धारित किया गया है जिसके तहत रायपुर 509, बलौदाबाजार-भाटापारा 271, महासमुंद 323, गरियाबंद, 192 धमतरी 265 नारायणपुर 110 कोण्डागांव 260, कांकेर 410 दुर्ग 445 बेमेतरा 146 बालोद 189 राजनांदगांव, 313 कबीरधाम 244 खैरागढ़-छुईखदान-गंडई 113 मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी 110 बस्तर 394 दंतेवाड़ा, 132 बीजापुर 129 सुकमा 125 जांजगीर-चाम्पा 277 कोरबा, 338 सक्ती 165 रायगढ़ 273 जशपुर 391 सारंगढ़-बिलाईगढ़, 116 कोरिया 113 सूरजपुर 273 बलरामपुर-रामानुजगंज 98, सरगुजा 206 मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर 90 बिलासपुर, 386 मुंगेली 183 गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही 211 होंगे।

## खबर संक्षेप



### रामनवमी पर निकाली गई प्रभात कीर्तन यात्रा

दुर्ग। श्रीराम नवमी पर श्री योग वेदांत सेवा समिति भिलाई-दुर्ग द्वारा संत आशाराम बापू की हरि ओम साधकों द्वारा शक्ति नगर से प्रभात कीर्तन यात्रा निकाली गई। कार्यक्रम में युवा सेवा संघ, महिला उत्थान मंडल और बालसंस्कार विभाग के बड़े और बच्चे भी सम्मिलित हुए थे। यात्रा में आश्रम समिति की ओर ऋषि प्रसाद पत्रिका का वितरण निशुल्क किया गया। संघ द्वारा जानकारी दी गई कि आने वाली 12 अप्रैल को हनुमान जयंती और 19 अप्रैल को संत आसाराम बापू के अवतरण दिवस के निमित्त लिंक रोड पावर हाउस भिलाई में शर्बत और चने प्रसाद का वितरण की जाएगी। उक्त जानकारी युवा सेवा संघ ने दी।

### आकाश बने सेन समाज युवा प्रकोष्ठ के अध्यक्ष

दुर्ग। शांति नगर सेन समाज भवन में सर्वसेन नाई समाज की बैठक हुई। जिसमें जिला अध्यक्ष भीखम सेन द्वारा जिला कार्यकारिणी विस्तार मंथन करने के पश्चात आकाश सेन को जिला अध्यक्ष युवा प्रकोष्ठ एवं खिलेश्वरी शांडिल को महिला अध्यक्ष की जिम्मेदारी दिया गया है। आकाश सेन समाज पदाधिकारीयों का आभार व्यक्त किया है।

### निधन

#### नारायण चंद्राकर



दुर्ग। भिलाई इस्पात संयंत्र के शिक्षा विभाग से सेवानिवृत प्रख्यात कलाकार नारायण चंद्राकर (70) का निधन मैत्री कुंज रिसाली भिलाई नगर में रविवार 6 अप्रैल, रामनवमी को दोपहर बारह बजे हो गया। छत्तीसगढ़ की विभूतियों पर आल्हा शैली में जीवनी लिखकर मंच पर प्रस्तुत करने की कला के लिए वे चर्चित रहे। वे अगासदिया के स्तंभ थे। उन्होंने अपना शरीर दान कर दिया था। अगासदिया के सदस्यों ने श्रध्दांजलि दी। उनके परिवार में पत्नी गीता और चार बेटियां हैं।

#### सुरेश इंगले



दुर्ग। सर्किट हाउस रोड दीपक नगर निवासी रिटायर्ड सीनियर मैनेजर देना बैंक सुरेश इंगले 85 वर्ष का 6 अप्रैल को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार आज 7 अप्रैल को सुबह 10 बजे शिवनाथ मुक्तिधाम में किया जाएगा।

## विडंबना : करोड़ों रूपए की बर्बादी के बाद अब 147 करोड़ का प्रोजेक्ट


# खराब पानी लिफ्ट करने फूंके तीन करोड़ अब ट्रीटमेंट करने निगम बहाएगा 147 करोड़

राहुल शर्मा ▶▶| दुर्ग

नगरनिगम में विकास कार्य के नाम पर उल्टी गंगा बह रही है। शहर से निकलने वाले गंदे पानी को पुलगांव नाला से रोकने पहले तीन करोड रूपए फूंके। यह कार्य शुरू होने वाले है। वही अब गंदे पानी को ट्रीटमेंट (साफ) करने अमृत मिशन पार्ट टू के तहत 147 करोड रूपए खर्च करने की तैयारी है। इसके लिए टेंडर भी हो चुका है। जल्द विकास वर्क आर्डर जारी किए जाने की तैयारी है।

वर्ष 2017-18 में नगरनिगम की भाजपा सरकार थी। उस दौरान तत्कालीन महापौर चंद्रिका चंद्राकर के अगुवाई में प्रोजेक्ट तैयार किया गया था। जिसमें शहर से निकलने वाले गंदे पानी को पुलगांव नाला से होकर नदी में जाने से रोकना था। इसके लिए शिवनाथ नदी के पास ही नाला डायवर्सन के नाम से प्रोजेक्ट तैयार किया गया। इस प्रोजेक्ट में तीन करोड रूपए खर्च भी हो गए है। वर्तमान में गंदे पानी को नाला से लिफ्ट कर संपवेल से दूर छोडने का प्लान है। वर्तमान में 90 फीसदी कार्य हो चुका पूरा है। वर्तमान में विद्युत कार्य व केबल जोडने का कार्य शेष है। वही अंडरग्राउंड मशीन भी लग चुके हैं।

### नहीं मिली अब तक गंदे पानी से शहरवासियों को निजात



#### दो जगह से मिल रहा नदी में गंदा पानी

शिवनाथ नदी शहर की जीवनदायिनी नदी हैं। नदी के पानी से ही शहरवासियों की प्यास बुझती है। ऐसे में नदी में गंदे पानी का मिलना सवाल उठता हैं। वर्तमान में पुलगांव नाला और शंकरनाला से गंदे पानी का आना नदी में जारी है। इसके लिए एक जगह पुलगांव नाला और दूसरा ट्रीटमेंट प्लांट उरला में करीब 147 करोड रूपए खर्च करके बनाया जाएगा।

#### अभी भी मिल रहा नदी में खराब पानी

पुलगांव नाला में डायवर्सन का कार्य वर्ष 2017-18 में शुरू किया गया था। इस कार्य को वर्ष 2022 में पूरा कर लिया जाना था। लेकिन अब तक कार्य शुरू नही हो सका है। अफसरों का कहना हैं कि, वर्तमान में 90 फीसदी तक निर्माण कार्य हो चुका है। पुलगांव नाला में सीमेंटीकरण का ब्लाक तैयार कर लिफ्ट मशीन लगा लिया गया हैं। इस मशीन से संपवेल के पास मिलने वाले खराब पानी को मुक्तिधाम के आगे यानि महमरा एनीकट के आगे छोडने की प्लानिंग हैं। ताकि संपवेल के पास खराब पानी मिलने से रोका जा सके।



#### फिर खर्च होगें पार्ट टू के तहत 147 करोड रूपए

सवाल यह है कि, पुलगांव नाला के खराब पानी को ट्रीटमेंट करना ही था तो तीन करोड रूपए पहले क्यो खर्च किया गया। इस वर्ष 2025-26 में अमृत मिशन पार्ट टू के तहत 147 करोड रूपए का प्रस्ताव बनाया गया है। जिसका टेंडर भी हो चुका है। वर्कआर्डर जारी होने के बाद काम शुरू कर दिया जाएगा। अब इस प्रोजेक्ट के आने के बाद पूर्व में खर्च किए गए तीन करोड रूपए का नाला डायवर्सन का कार्य अस्तित्वहीन हो जाएगा। जिसे लेकर लोगों में नाराजगी सामने आ रही हैं।

#### पूर्व की स्वीकृति

पूर्व में नाला डायवर्सन का कार्य करीब तीन करोड रूपए से स्वीकृत किए गए थे। वर्तमान में 147 करोड का कार्य ट्रीटमेंट प्लांट के लिए है। इसका टेंडर हो चुका है। -दिनेश नेताम, ईई नगरनिगम दुर्ग

#### साफ किया जाएगा

ट्रीटमेंट प्लांट तैयार होने से गंदे पानी को साफ किया जाएगा। ताकि नदी प्रदूषित न हो। अमृत मिशन टू के तहत देशभर में केन्द्र सरकार नाले के पानी को ट्रीटमेंट करने पर कार्य कर रही है। उसी के तहत यह कार्य होगें।
-लीना दिनेश देवांगन, प्रभारी जल विभाग

## शीतला मंडल में भाजपाइयों ने मनाया स्थापना दिवस



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

चंडी शीतला मंडल द्वारा भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस का 45वां वर्ष मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत भारत माता व पंडित दीनदयाल उपाध्याय व डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के तैल चित्रों पर माल्यार्पण पश्चात आर्थिक प्रकोष्ठ के प्रदेश सह संयोजक शिव चंद्राकर द्वारा स्थापना दिवस के संदर्भ में विस्तृत जानकारी दी। उसके पश्चात पूर्व विधायक स्व हेमचंद यादव के निवास जाकर तेलचित्र पर माल्यार्पण एवं वरिष्ठ भाजपा नेता शिव चंद्राकर के निवास में ध्वजारोहण किया गया। कार्यक्रम जहां बड़ी संख्या में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता उपस्थित थे। जिसमें मंडल प्रभारी कांतिलाल जैन, मंडल अध्यक्ष कमलेश फेकर, जिला मीडिया प्रभारी रजनीश श्रीवास्तव, मंडल संयोजक विजय ताम्रकार, सह-संयोजक नवीन साहू व कन्हैया चंद्राकर, पार्षद निलेश अग्रवाल, गोविन्द देवांगन, ज्ञानेश्वर ताम्रकार, अमित पटेल सहित बडी संख्या में भाजपा के वरिष्ठ व कनिष्ठ कार्यकर्ता उपस्थित थे।


- पं. दीनदयाल, डॉ मुखर्जी और स्व. हेमचंद के तैल चित्र पर किया गया माल्यार्पण

### घरों में लहराया भाजपा का ध्वज

गौरतलब है कि 45वें स्थापना दिवस के मौके पर भाजपा के कार्यकर्ताओं व नेताओं ने अपने घरों पर भाजपा का ध्वज लहराकर खुशी का इजहार किया। इस मौके पर सभी मंडलों में कार्यकर्ताओं ने पार्टी को स्थापित करने वाले नेताओं के योगदान को विशेष तौर पर याद किया। पार्टी नेतृत्व के निर्देश पर विधायक गजेंद्र यादव, पार्टी के अन्य पदाधिकारियों ने अपने घरों में पार्टी का ध्वज लगाकर कार्यकर्ताओं को प्रेरित किया।

## गांव में सामाजिक, समानता और आपसी तालमेल से गांव को बनाना है समृद्ध : डिप्टी सीएम विजय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग




जिले के ग्राम अछोटी में आयोजित सुखी समृद्ध ग्राम कार्यशाला के समापन कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री तथा जिले के प्रभारी मंत्री विजय शर्मा शामिल हुए। अभ्युदय संस्थान अछोटी में पंचायत प्रतिनिधियों के लिए आयोजित कार्यशाला को सम्बोधित करते हुए उप मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने कहा कि संस्थान में जो जानकारी लिए हैं, उसको अपने गांव में अमल में लाने का प्रयास होना चाहिए। गांव में सामाजिक, समानता और आपसी तालमेल से गांव को समृद्ध बनाना है। पंचायत में क्या-क्या हो सकते हैं नियमों का अध्यन कर लेवें। उन्होंने कहा कि गांव के सभी का सम्मान करें। गांव में गौशाला और जैविक खेती को बढ़ावा दिया जाये। पशु पालन के लिये गवचर में हरा चारा उगाये। गवचर के लिए गांव में 6 एकड़ जमीन चिन्हांकित कर लिया जाये। अभ्युदय संस्थान में पुरानी पारम्परिक कृषि को आज भी पुनर्जीवित रखा है। कार्यशाला के दौरान सभी को अवलोकन व अनुभव करने का अवसर मिला है। आपको भी अपने गांव को अच्छे काम से प्रदेश में पहचान दिलाना है। गांव में व्यवस्था बनाएं। कार्यशाला की सीख से गांव में अभिनव प्रयोग करे। इससे पूर्व उप मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने कार्यशाला में शामिल पंचायत प्रतिनिधियों से अंतरंग चर्चा कर उनके सुझाव सुने। अभ्युदय संस्थान प्रमुख संकेत ठाकुर ने कार्यशाला के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। कार्यशाला में दुर्ग, धमतरी, बेमेतरा, बालोद जिले के विभिन्न ब्लाक के पंचायत प्रतिनिधि सम्मिलित हुए थे।

## सेवानिवृत्त कर्मचारियों को दी गई विदाई



दुर्ग। नगर पालिक निगम के सभागार में सेवानिवृत्त श्रीमती छाया बाई सफाई कामगार, श्रीमती सरोज बाई सफाई कामगार, श्रीमती देवकी बाई भृत्य लोककर्म विभाग, श्रीमती भगवती सोनी भृत्य जल विभाग, फगनु निषाद भृत्य जल विभाग, पीतवास पाढ़ी उच्च श्रेणी शिक्षक शासकीय चन्द्रशेखर आजाद हाईस्कूल के 6 कर्मचारियों को सेवानिवृत्त होने पर भावभीनी विदाई दी गई। इस मौके पर महापौर अलका बाघमार, कमिश्नर सुमित अग्रवाल, ने शाल श्रीफल पुष्पमाला से सम्मानित कर प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया।

## ज्योत जंवारा विसर्जन में शामिल हुए विधायक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

चैत्र नवरात्र के आखिरी दिन घरों व शीतला मंदिरों में रोपित फुलवारी का विर्सजन किया गया। नयापारा शीतला मंदिर से निकले जंवारा विसर्जन में विधायक गजेन्द्र यादव शामिल हुए। सेवा जसगीत की धुन पर नाचते-गाते बाजे की थाप पर झूमते भक्तों ने श्रद्घा के साथ ज्योत जंवारा विसर्जन किये। नौ दिनों तक मां जगदम्बे की उपासना के बाद आज ज्योत जंवारा विसर्जन यात्रा निकाली गई जिसमे विधायक गजेन्द्र यादव विसर्जन में पहुँचे नागरिकों का अभिवादन करते रहे और तालाब में जंवारा विसर्जन में सहयोग किया।

- नौ कन्याओं का पूजन कराया कन्या भोज



चैत्र नवरात्रि की महानवमी पर विधायक गजेन्द्र यादव ने निज निवास में नौ कन्याओं का विधिवत पूजन कर कन्या भोज का आयोजन कराया। बालरूप में माँ भगवती का आशीर्वाद प्राप्त कर समस्त जनमानस के सुख, शांति एवं समृद्धि की कामना की। कन्याओ को चुनरी ओढ़ाकर कन्याओ का आरती लेकर चंदन तिलक लगाए और भोजन प्रसादी हेतु आमंत्रित किये। भोजन पश्चात सभी कन्याओ को उपहार के रूप चूड़ी, बिंदिया सहित श्रृंगार का सामान भेंट कर सभी के सुख समृद्धि की कामना कर आशीर्वाद लिए।

## सुशासन तिहार के अंतर्गत चलेगा महाअभियान, जनसमस्याओं का होगा निदान

# तीन चरणों में होगा सुशासन तिहार, कल से लिए जाएंगे आवेदन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

जिले में सुशासन तिहार-2025 अंतर्गत 8 अप्रैल से नगरीय निकाय और ग्राम पंचायतों में नागरिकों की समस्याओं से संबंधित आवेदन लिये जाएंगे। सुशासन तिहार-2025 का उद्देश्य आम जनता की समस्याओं का समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित करना, शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा करना तथा विकास कार्यों में गति लाने के साथ ही आम जनता, जनप्रतिनिधियों और विभिन्न सामाजिक संगठनों से सीधा संवाद स्थापित करना है। सुशासन तिहार-2025 का आयोजन तीन चरणों में होगा। पहले चरण में 8 से 11 अप्रैल तक आम जनता से आवेदन प्राप्त किए जाएंगे। दूसरे चरण में लगभग एक माह के भीतर प्राप्त आवेदनों का निराकरण किया जाएगा। तीसरे एवं अंतिम चरण में 5 मई से 31 मई के बीच समाधान शिविरों का आयोजन किया जाएगा।

- 5 से 31 मई के बीच समाधान शिविर का आयोजन

कलेक्टर अभिजीत सिंह ने सुशासन तिहार को जिले में सुव्यवस्थित और प्रभावी बनाने के लिए कलेक्ट्रेट सभा कक्ष में अधिकारियों की बैठक लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने शासन की मार्गदर्शी निर्देशों से अधिकारियों को अवगत कराते हुए बताया कि सुशासन तिहार-2025 के अंतर्गत 8 से 11 अप्रैल तक आम जनता से आवेदन प्राप्त किए जाएंगे। दूसरे चरण में लगभग एक माह के भीतर प्राप्त आवेदनों का निराकरण किया जाएगा। तीसरे एवं अंतिम चरण में 5 मई से 31 मई के बीच समाधान शिविरों का आयोजन किया जाएगा। कलेक्टर श्री सिंह ने कलेक्ट्रेट, जिला पंचायत, नगर निगमों, तहसील व एसडीएम कार्यालय और ग्राम पंचायतों में भी एक-एक समाधान पेटी रखने के निर्देश दिए है, ताकि जो आवेदक प्रत्यक्ष रूप से अपना आवेदन न दे सके वे समाधान पेटी के माध्यम से अपनी समस्या बता सके।




### कलेक्टर ने ये निर्देश भी दिए

कलेक्टर श्री सिंह ने जन दर्शन के दौरान विभागों को पूर्व में प्राप्त पत्रों का पहले निराकरण करने के निर्देश दिए। इसी प्रकार राजस्व के लंबित प्रकरण, आंगनबाड़ी केंन्द्रों में भर्ती प्रक्रिया, पेंशन प्रकरण, निर्माण कार्यों के लंबित मजदूरी भुगतान का भी त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए।

### आपरेटरों की भी ड्यूटी लगाने के निर्देश

जनपद, जिला पंचायत एवं कलेक्ट्रेट में इस अभियान के तहत ऑपरेटर की भी ड्यूटी लगाई जाए एवं अभियान के बारे में उन्हे प्रशिक्षण दिया जाए। इसी प्रकार कलेक्ट्रेट एवं जिला पंचायत के लिए एक-एक नोडल अधिकारी भी नियुक्त किए जाए, जो प्राप्त आवेदनों को अवलोकन पश्चात संबंधित विभागों को निराकरण हेतु मार्क करेंगे। प्राप्त आवेदनों का निराकरण एक माह के भीतर सुनिश्चित कर समाधान शिविरों में सभी विभागों द्वारा निराकृत आवेदनों की ग्राम पंचायतवार स्थिति बताई जा सके। उन्होंने राजस्व पटवारियों को भी ग्राम पंचायतवार जिम्मेदारी सौंपने की बात कही। यह सुनिश्चित किया जाए कि आवेदकों से प्राप्त उनका मोबाइल नंबर उल्लेखित हो।

## 15 दिवसीय आर्ट एंड क्राफ्ट व मेकअप ग्रूमिंग का छात्राओं ने उठाया लाभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग



घनश्याम सिंह आर्य कन्या महाविद्यालय में 15 दिवसीय आर्ट एण्ड क्राफ्ट और मेकअप एण्ड ग्रुमिंग पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसका संचालन दयानंद शिक्षा समिति की उपाध्यक्ष श्रीमती आभा रानी गुप्ता ने किया। आर्ट एण्ड क्राफ्ट की विशेषज्ञ श्रीमती सुरेखा यादव एवं मेकअप एण्ड ग्रुमिंग की अंतराष्ट्रीय मेकअप आर्टिस्ट श्रीमती परिनीता चंद्राकर रहीं। उन्होने सभी छात्राओं एवं प्राध्यापिकाओं को प्रशिक्षण दिया। जिसका महाविद्यालय की छात्राओ एवं अन्य छात्राओ द्वारा लाभ उठाया गया। कार्यशाला का उद्देश्य सभी के लिए रोजगार के अवसर सुनिश्चित करना था। इस कार्यशाला में महाविद्यालय के अध्यक्ष राघवेंद्र सिंह गुप्ता, कार्यकारी अध्यक्ष दिग्विजय सिंह गुप्ता, प्राचार्य डॉ मृदुला वर्मा एवं कार्यशाला की संयोजक उपप्राचार्य डॉ नीतू सिंह, सहसंयोजक सहा प्राध्यापक तानिया मित्रा, सबीना बेगम एवं महाविद्यालय की सभी सहा प्राध्यापिकाओ का योगदान रहा । अंत में उपाध्यक्ष द्वारा श्रीमती सुरेखा यादव एवं श्रीमती परिनीता चंद्राकर का आभार व्यक्त किया गया।


श्री खाटू श्याम ज्योतिष
जन्मकुण्डली विशेषज्ञ
पं. रविकांत शर्मा / पं. एस.के. शास्त्री
मोहनी स्पेशलिस्ट
हर मुश्किल से मुश्किल समस्या का समाधान
"ज्योतिष मेरा काम नहीं, मेरी साधना है"
"जब कहीं ना हो काम, तो हमसे ले समाधान"
व्यापार बढ़ोतरी, किया कराया, शादी के लिए माता-पिता को मनाना
ऑफिस आने पर मात्र ₹101/-
फोन से परामर्श केवल ₹251/-
पं. एस.के. शास्त्री
जन्मकुण्डली विशेषज्ञ
जन्म पत्रिका बनाई जाती है
▪ नवग्रह आदि समस्त प्रकार के ज्योतिष समाधान
▪ व्यापार, विवाह, नौकरी में प्रमोशन
▪ मकान-संतान योग
▪ दुकान, बच्चो के कैरियर मार्गदर्शन
▪ कालसर्प दोष निवारण
▪ प्रेम विवाह, मोहनी
▪ मांगलिक दोष निवारण
"जब कही ना हों काम, तो हमसे ले समाधान"
बुकिंग के लिए संपर्क करें
7470674060
नोट : मिलने के लिए अपॉइंटमेंट लेना आवश्यक है।
पोलसायपारा चौक, गुप्ता प्रेस के नीचे, स्टेशन रोड, दुर्ग (छ.ग.)
-: संपर्क सूत्र :-
पं. रविकांत शर्मा एवं पं. एस.के. शास्त्री : +91 9755964567

# बोरिया गेट हो व्यवस्थित, स्लैग लोडिंग के लिए गेट नंबर-7 से दें एंट्री: ट्रांसपोर्टर्स

## ट्रक-ट्रेलर एसोसिएशन का प्रतिनिधि मंडल मिला बीएसपी प्रबंधन के अफसरों से

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

ट्रक-टेलर ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन का प्रतिनिधि मंडल बीएसपी के अधिकारियों से मिला। इस दौरान अध्यक्ष इंद्रजीत सिंह और सदस्यों ने संयंत्र प्रबंधन को हाल ही में एक अत्यंत महत्वपूर्ण और गंभीर समस्या से अवगत कराया गया। यह समस्या बोरिया गेट में प्रतिदिन उत्पन्न होने वाले जाम और लिफ्टिंग में आ रही बाधाओं को लेकर थी। ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन ने यह मुद्दा बीएसपी के वरिष्ठ अधिकारियों के समक्ष एक माह पूर्व उठाया था, जिसमें गेट संख्या 7 को स्लैग लोडिंग के लिए सक्रिय करने का प्रस्ताव भी शामिल था। एसोसिएशन ने सुझाव दिया कि स्लैग लोडिंग की गाड़ियों को बोरिया गेट के बजाय गेट संख्या 7 से प्रवेश कराया जाए, ताकि बोरिया गेट पर ट्रैफिक की भीड़ और अव्यवस्था से निजात मिल सके। बीएसपी प्रबंधन ने इस प्रस्ताव को स्वीकार करते हुए गेट संख्या 7 को तकनीकी रूप से तैयार कर लिया था। 22 फरवरी को मंगलम स्टील की 5 गाड़ियों के माध्यम से इसका परीक्षण भी सफलतापूर्वक किया गया था। हालांकि अब तक गेट संख्या 7 को नियमित रूप से चालू नहीं किया गया है, जिससे ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन और उससे जुड़े परिवहनकर्ताओं में गहरा असंतोष व्याप्त है।

### लगातार स्लैग का लिफ्टिंग कार्य हो रहा प्रभावित

एसोसिएशन ने कहा कि बोरिया गेट पर अव्यवस्था व्याप्त है। बोरिया गेट की स्थिति वर्तमान में अत्यंत चिंताजनक हो चुकी है। पिछले तिमाही 56,000 मीट्रिक टन स्लैग का लिफ्टिंग कार्य प्रभावित हुआ, जिससे न केवल स्टील कंपनियों को नुकसान हुआ, बल्कि परिवहन व्यवसाय से जुड़े लोगों को भी भारी आर्थिक क्षति उठानी पड़ी। चालू तिमाही में 1,10,000 मीट्रिक टन स्लैग की लिफ्टिंग का लक्ष्य रखा गया है। यदि गेट संख्या 7 को जल्द से जल्द चालू नहीं किया गया, तो इस लक्ष्य को प्राप्त करना असंभव होगा। एसोसिएशन के अनुसार यदि स्थिति में शीघ्र सुधार नहीं किया गया, तो वे आगे परिवहन कार्य को जारी नहीं रख पाएंगे।



### इडी वर्क्स ने दिया समस्या के जल्द निराकरण का आश्वासन

ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष इंद्रजीत सिंह ने बताया कि ईडी वर्क्स से मिलकर इस समस्या के संबंध में जानकारी दी गई। आश्वासन मिला कि गेट संख्या 7 को जल्द से जल्द चालू कर दिया जाएगा। बहरहाल अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। इस कारण अब न केवल ट्रांसपोर्टरों में निराशा है, बल्कि संयंत्र से जुड़े अन्य व्यावसायिक हितधारकों में भी चिंता की लहर है। उन्होंने कहा कि आज एसोसिएशन के पदाधिकारी के द्वारा ईडी वर्क्स से मिलकर ठोस पहल की गई, उन्होंने आश्वासन दिया कि जल्द से जल्द गेट नंबर 7 चालू कर दिया जाएगा।

## खबर संक्षेप



### बार और रॉड मिल का रिकार्ड उत्पादन

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र की 0.9 मिलियन टन मापित क्षमता वाली मोडेक्स यूनिट, बार एवं रॉड मिल ने वित्तीय वर्ष 2024-25 में नया रिकार्ड बनाया है। संयंत्र ने अपने वार्षिक उत्पादन लक्ष्य 1.0 मिलियन टन को पार कर एक अभूतपूर्व उपलब्धि हासिल की। तृतीय पाली में बीआरएम की टीम ने लक्ष्य को सामूहिक प्रयास से पहली बार प्राप्त किया। इसके साथ ही, 1.0 मिलियन टन के डिस्पैच के माध्यम से भी बड़ी सफलता दर्ज की गई। पाली प्रबंधक परिमल एवं श्री नारायण के नेतृत्व में रात्रि पाली में 20 एमएम टीएमटी बार का 1528 टन (742 बिलेट) उत्पादन कर सर्वश्रेष्ठ पाली उत्पादन का कीर्तिमान भी स्थापित किया गया। व्यावसायिक क्षेत्र में भी सुदृढ़ प्रदर्शन करते हुए बीआरएम ने अनेक चुनौतीपूर्ण प्रोफाइल रोल कर अपनी उत्पाद श्रंखला को निरंतर समृद्ध किया है। 1.0 मिलियन टन उत्पादन का यह मील का पत्थर न केवल संयंत्र की तकनीकी क्षमता को दर्शाता है, बल्कि बाज़ार में इसकी सुदृढ़ स्थिति को भी प्रमाणित करता है। बीआरएम, मूल्य-वर्धित उत्पादों के माध्यम से बाजार की बढ़ती माँग को पूरा करने की अपनी क्षमता को सिद्ध कर रहा है।कार्यपालक निदेशक राकेश कुमार, एके चक्रवर्ती, पवन कुमार, बी.के. गिरी, अरुण कुमार, मुख्य महाप्रबंधक (एमडब्लूआरएम) श्री एम.के. गोयल तथा संयंत्र के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने बीआरएम पहुँचकर ण टीम को बधाई दी।

### नवोदय विद्यालय के लिए ट्विंकल का हुआ चयन



**उतई।** शासकीय प्राथमिक शाला डुमरडीह की छात्रा ट्विंकल लहरे पिता स्व. तिलक राम लहरे व माता शीतल देवी लहरे का कक्षा छठवीं के लिए नवोदय विद्यालय बोरई में चयन हुआ है। चयन होने पर ग्राम के प्रथम नागरिक सरपंच धर्मेंद्र बंजारे, प्रधान पाठक दुलारी चंद्राकर व शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष देव कुमारी यादव ने ट्विंकल को मिठाई खिलाकर मुंह मीठा करवाया व हार पहनाकर बधाई दिया। इस अवसर पर शिक्षक गण राजेश्वरी देशमुख, शारदा खेवर, तेजेश्वरी साहू, साजिद खान, विद्या सिंह आदि उपस्थित थे।

### शहर के चारों दिशाओं से पहुंचे हजारों भगवा ध्वज, जयश्री राम के जयकारे से गूंजा रामलीला मैदान पॉवर हाउस

# राम जन्म भूमि का संघर्ष 500 वर्षों तक चला, यह भारतीय समाज की दृढ़ता और संकल्प का प्रतीक : डॉ. रमन सिंह





हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

श्रीराम जन्मोत्सव समिति द्वारा आयोजित रामनवमी पर भव्य आयोजन वुलन मार्केट पावर हाउस में किया गया। आयोजन में विधानसभा के अध्यक्ष डॉ. रमनसिंह, सांसद विजय बघेल, हरिभूमि के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी प्रमुख रूप से शामिल हुए। इस कार्यक्रम में डॉ. रमन सिंह ने कहा कि इस आयोजन ने भक्ति, प्रेरणा और सामाजिक एकता का अद्भुत उदाहरण प्रस्तुत किया। इस आयोजन में समिति के संरक्षक प्रेम प्रकाश पांडे की टीम को विशेष बधाई और शुभकामनाएं। उन्होंने चार दशकों से इस भक्तिमय वातावरण को बनाए रखा है। यह कार्यक्रम न केवल भिलाईवासियों, बल्कि दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को भी जोड़ने में सफल रहा है। उन्होंने मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के संघर्ष, त्याग और मर्यादा के आदर्शों पर प्रकाश डाला। श्रीराम जन्मभूमि से जुड़ा पाँच सौ वर्षों का संघर्ष, जो 1528 में शुरू हुआ और 2020 में मंदिर के भूमि पूजन तक चला, भारतीय समाज की दृढ़ता और संकल्प का प्रतीक बताया। राम जन्मभूमि संघर्ष के माध्यम से पूरे देश में सनातन धर्म और आस्था की लहर जागृत हुई है, जो वर्तमान में भी भारतीय समाज को एकजुट कर रही है। उन्होंने समिति और उनकी टीम को इस अद्भुत और प्रेरणादायक आयोजन के लिए विशेष रूप से सराहा गया। कार्यक्रम में वैशालीनगर विधायक रिकेश सेन, ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर, पाटेश्वर धाम के बाल योगेश्वर राम बालक दास महात्यागी, भाजपा के जिला अध्यक्ष पुरुषोत्तम देवांगन, समिति के युवा विंग अध्यक्ष मनीष पांडेय, शिक्षा विद आईपी मिश्रा, समिति के प्रांतीय अध्यक्ष रमेश माने सहित अन्य प्रमुख रूप से मौजूद थे। रामलीला मैदान पावर हाउस पहुंचे। कार्यक्रम में हजारों श्रद्धालुओं ने जनसहयोग से बने महाप्रसाद को ग्रहण किया, वहीं लेजर लाईट शो, सांस्कृतिक कार्यक्रम तथा आकर्षक स्वचलित झांकियों का भी आनंद लिया। इस अवसर पर सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। प्रेमप्रकाश पाण्डेय ने धार्मिक और सांस्कृतिक आयोजन के ऐतिहासिक महत्व को दर्शाया। उन्होंने बताया कि जब यह आयोजन शुरू हुआ था, तब धार्मिक रीति-रिवाजों और त्योहारों का सार्वजनिक प्रदर्शन करना सामाजिक चुनौती थी। विशेष रूप से युवा पीढ़ी को तिलक या धार्मिक परंपराओं का पालन करते हुए असहजता का अनुभव होता था। लेकिन समाज में बढ़ती जागरूकता और प्रयासों ने इस सोच में परिवर्तन लाया। सांसद विजय बघेल ने कहा कि सनातन धर्म के प्रति लोगों का रुझान बढ़ रहा है और यह भारत को विश्व गुरु बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। बाल योगेश्वर राम बालक दास महात्यागी ने कहा कि हम हिंदू राष्ट्र के लिए संघर्ष कर रहे हैं। 2026 तक रामलला और माता कौशल्या की पूजा अर्चना छत्तीसगढ़ के 36,000 मंदिरों में की जाएगी।

### यह भाईचारे, प्रेम और त्याग की अद्वितीय मिसाल

कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि डॉ. हिमांशु द्विवेदी ने प्रभु श्रीराम के जीवन से प्रेरणा लेने और उनके गुणों को आत्मसात करने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि श्रीराम का जीवन संघर्ष, त्याग और तपस्या का प्रतीक है। राम कथा केवल राज्यसत्ता के संघर्ष की कथा नहीं है, बल्कि यह भाईचारे, प्रेम और त्याग की अद्वितीय मिसाल है। उन्होंने वर्तमान समाज में बढ़ती स्वार्थपरता और पारिवारिक विघटन पर चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि आज लोग थोड़ी-सी संपत्ति के लिए अपने ही परिवार के सदस्यों के खिलाफ खड़े हो जाते हैं। ऐसे में राम कथा से प्रेरणा लेकर हमें अपने जीवन में भाईचारे और प्रेम को बढ़ावा देना चाहिए। डॉ. द्विवेदी ने कहा कि अन्य बड़े लोगों के जीवन में चमत्कार मिलते हैं, लेकिन राम के पूरे जीवन में एक भी चमत्कार नहीं बल्कि उनके जीवन में केवल संघर्ष और समर्पण दिखता है। गंभीरता, धैर्यता और पुरुषार्थ दिखता है। आज के दौर में मकान-दुकान और जमीन के लिए एक मां के बेटे खून के प्यासे हो जाते हैं। संपत्ति के लिए भाई-भाई में दीवार खड़ी हो जाती है, पर त्याग के प्रति राम और भरत एक दूसरे को राजगद्दी पर बैठाने के लिए संकल्पित हैं। उन्होंने लोगों से आव्हान किया कि राम के जीवन का कोई एक गुण अपने जीवन में धारण करें।

## 12 प्रखंडों से निकली भव्य शोभायात्रा, झांकियां, लेजर शो और बस्तर का नृत्य रहे आकर्षक



श्रीराम जन्मोत्सव समिति द्वारा 4 दशकों से आयोजित किया जा रहा राम नवमी उत्सव इस बार भी खास रहा। शहर के 12 प्रखंडों खुर्सीपार, छावनी, वैशालीनगर, सुपेला, कैम्प क्षेत्र, हाउसिंग बोर्ड सहित अन्य जगहों से भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जो शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए कार्यक्रम स्थल वुलन मार्केट पावर हाउस पहुंची। इस दौरान विशाल भंडारा का भी आयोजन किया गया। आयोजन समिति के युवा विंग अध्यक्ष मनीष पांडेय ने बताया कि 24 मार्च से निरंतर एक मुट्ठी दान- श्रीराम के नाम चलाया गया, जिसके माध्यम से अर्जित अनाज से विशाल भंडारा का प्रसाद तैयार किया गया। हजारों लोगों ने इस प्रसाद को ग्रहण किया। 40 साल से निरंतर शहर में यह आयोजन चला आ रहा है। मध्य भारत के सबसे बड़े धार्मिक और सांस्कृतिक आयोजन के रूप में अपनी पहचान बना चुका है। इसमें लगभग 1150 से अधिक मठ-मंदिरों से ध्वजवाहक शोभायात्रा में शामिल होते हैं। इस बार भी अलग-अलग प्रखंडों से शोभायात्रा कार्यक्रम स्थल पहुंची। मुख्य रूप से बाबा भोलेनाथ शोभायात्रा, भगवान चतुर्भुजी शोभायात्रा, मां बम्लेश्वरी शोभायात्रा और मां दंतेश्वरी शोभायात्रा के रूप में आयोजन स्थल पर एकत्रित हुईं। यहां पर विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। आयोजन में समिति की मुख्य शाखा, महिला शाखा और युवा शाखा द्वारा लगातार अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन किया गया। इस अवसर पर आकर्षक आतिशबाजी हुई। हजारों भक्त कार्यक्रम में मौजूद थे।



### ले शो के जरिए भगवान राम का बखान

प्रत्येक प्रखण्डों से शोभायात्रा में आकर्षक झांकियां निकाली जाएगी। इसमें सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया। भगवान राम, सीता और हनुमान का भेष धरने वालों की आरती उतारी गई। उनकी पूजा अर्चना की गई। साथ ही कार्यक्रम स्थल पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई। इसके साथ ही लेजर लाइट शो का भी आयोजन कार्यक्रम स्थल पर किया किया, जिसमें भगवान राम की लीलाओं को दिखाया गया। इस अवसर पर भगवान राम के समधुर गीतों पर भक्त थिरकते नजर आए। भगवान की आरती भी सामूहिक रूप से गाई गई।

### नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों का किया सम्मान

**भिलाई।** संस्कृत मित्र मंडल के सदस्यों द्वारा नववर्ष का स्वागत चौक-चौराहों पर भगवा ध्वज लहराकर किया गया। इस अवसर पर 11 विभिन्न विद्यालयों के 20 से अधिक संस्कृत शिक्षकों ने कार्यक्रम में भाग लिया। संस्कृत मित्र मंडलम के महासचिव डॉ अजय आर्य ने कहा कि संस्कृत शिक्षक की भूमिका शिक्षक से बढ़कर है। संस्कृति के प्रति नैतिक जिम्मेंदारी से निर्वहन करें। संस्कृत सेवकों ने भारतीय संस्कृति के प्रतीक भारतीय नव संवत्सर पर ओम ध्वज लहराया। उपाध्यक्ष अनुपमा उपाध्याय ने कहा कि संस्कृत और संस्कृति दोनों एक दूसरे के आश्रित हैं। हम सब का कर्तव्य है कि हम भारतीय संस्कृति से दुनिया के लोगों को जोड़े। इस अवसर पर संतोष कुमार चौबे ने भारतीय नववर्ष पर जगत कल्याण की प्रार्थना को दोहराते हुए विश्व कल्याण के लिए प्रार्थना की। कार्यक्रम में डॉ अजय आर्य केंद्रीय विद्यालय दुर्ग, संतोष कुमार चौबे, वेद प्रकाश, डॉ वागीश चन्द्र त्रिपाठी, संतोष दहातोंडे, प्रीति भट्ट, आशा यादव, सुनीता धीवर, अजय कुमार, अंजनी गुप्ता, मनीषा सोनी, अमित मिश्रा आदि उपस्थित थे।

# भाजपा के स्थापना दिवस पर मरीजों को बांटा फल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष अमित मिश्रा के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी के 45 वे स्थापना दिवस के अवसर पर कार्यकर्ताओं ने लाल बहादुर शासकीय अस्पताल, सुपेला में पहुंचकर सेवा भाव से मरीजों को फल वितरित किया। साथ ही उनका कुशलक्षेम जानकार शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना भी की गई। कार्यक्रम में मुख्य रूप से भाजपा जिला अध्यक्ष पुरूषोतम देवांगन, खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड के नवनियुक्त अध्यक्ष राकेश पांडे, जिला महामंत्री प्रेमलाल साहू व बिजेंद्र सिंह, जिला उपाध्यक्ष योगेंद्र सिंह उपस्थित रहे। भाजपा जिलाध्यक्ष पुरुषोत्तम देवांगन ने कहा कि आज के दिन



ही भाजपा की स्थापना हुई थी और भाजपा विश्व की सबसे बड़ी पार्टी है, मोदी जैसे प्रधानमंत्री है हमारे जिनके नेतृत्व में देश आगे बढ़ रहा। खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड अध्यक्ष राकेश पांडे ने कहा कि भाजपा जन कल्याणकारी योजनाओं से जनता का हित करने वाली पार्टी है, जिनके हम सब कार्यकर्ता है, गर्व है हमे की हम भाजपा कार्यकर्ता है । युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष अमित मिश्रा ने बताया कि भाजपा स्थापना दिवस के अवसर पर युवा मोर्चा सेवा कार्य करके आज अस्पताल में मरीजों को फल वितरण कर उन्हें शीघ्र स्वस्थ होने की शुभकामना दे रहे है, उनके सुख दुख पूछ रहे है, मानव सेवा माधव सेवा के मूलमंत्र पर हम कार्य कर रहें हैं। इस अवसर पर भाजपा युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष अमित मिश्रा, जिला भाजपा मंत्री विजय जायसवाल, मार्कण्डेय तिवारी, अशोक गुप्ता, मनोज तिवारी, गोपाल बिष्ट, रूपराम साहू, भाजपा सुपेला मंडल अध्यक्ष दीपक भोडेकर, कैंप मंडल अध्यक्ष तरुण सिंह, शशि भगत, संजय जायसवाल, रवि कश्यप आदि उपस्थित थे।

### कोक ओवन में सुरक्षा जागरुकता सप्ताह का समापन

# ठेका मजदूरों को नुक्कड़ नाटक व विविध कार्यक्रम से किया जागरुक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

भिलाई इस्पात संयंत्र के कोक ओवन एवं कोल केमिकल विभाग (सीओ एंड सीसीडी) द्वारा विभागीय सुरक्षा जागरूकता सप्ताह एवं सुरक्षा प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। सप्ताहव्यापी कार्यक्रम का समापन समारोह मुख्य महाप्रबंधक प्रभारी बीके बेहेरा के मुख्य आतिथ्य में हुआ। महाप्रबंधक प्रभारी एस के अग्रवाल, महाप्रबंधक एस रॉयचौधरी, महाप्रबंधक झगर सिंह सहित विभाग के अन्य वरिष्ठ अधिकारी, कर्मचारी, ऑफिसर्स एसोसिएशन के पदाधिकारी, विभिन्न यूनियनों के प्रतिनिधि, नियमित एवं ठेका कर्मचारी उपस्थित थे। बीके बेहेरा ने कहा कि कार्यस्थल पर "360 डिग्री निरीक्षण" की आवश्यकता को रेखांकित किया, जिससे असुरक्षित क्रियाएं और परिस्थितियां समाप्त की जा सकें। एसके अग्रवाल ने कोक ओवन टीम के सदस्यों से उच्च स्तर की हाउसकीपिंग बनाए रखने तथा कार्यस्थल की जोखिम परिस्थितियों को समाप्त करने में अपनी रचनात्मकता को निरंतर प्रदर्शित करते रहने का आह्वान किया। सभी कार्यक्रमों की संकल्पना एवं क्रियान्वयन विभागीय टीम द्वारा किया गया, जिसमें सहायक महाप्रबंधक ए देशपांडे, एस मेश्राम, एस महापात्रा, शशिकांत बरगथ, विरेन्द्र सिंह, वरिष्ट प्रबंधक सुभासीश नंदी, अनुराग के दीपक, पी शर्मा, उप प्रबंधक अभिलाष सिंह एवं अन्य सदस्यों की भूमिका उल्लेखनीय रही। प्रतियोगिताओं एवं कार्यक्रमों का मूल्यांकन वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा किया गया, जिनमें महाप्रबंधक प्रभारी दिलीप सामंतराय, महाप्रबंधक के नंदकुमार, एमएस नाइक, ओपी भट्ट, अतुल गोस्वामी, आनंद शुक्ला, पुष्पा एम्ब्रोज़, यूवी सुभद्रा, सहायक महाप्रबंधक हेमंत वर्मा, उप प्रबंधक वी राजू तथा वाईके कनूर आदि शामिल थे। कार्यक्रम के प्रारंभ में महाप्रबंधक एवं विभागीय सुरक्षा अधिकारी (सीओ एंड सीसीडी) बीसी मंडल ने सुरक्षा सप्ताह के अंतर्गत आयोजित विविध गतिविधियों पर आधारित विस्तृत प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संचालन एवं समन्वयन दुश्यंत दाऊ, प्रदीप कुमार, एसएस मेश्राम, एसके परसवार, संजय मोरेया, लोकेश कुशवाहा, अशुतोष प्रधान एवं सुरक्षा स्टाफ द्वारा किया गया।



### नुक्कड़ नाटक से दिया संदेश

फोटो प्रदर्शनी गैलरी में कर्मचारियों और उनके पारिवारिक सदस्यों द्वारा बनाए गए 60 चित्र एवं पेंटिंग प्रदर्शित किए गए। प्रतिभागियों ने सप्ताह भर चलने वाली विभिन्न प्रतियोगिताओं एवं गतिविधियों जैसे चित्रकला, पेंटिंग, मॉडल निर्माण, नारे, कविताएं, गीत, निबंध आदि के माध्यम से अपनी रचनात्मकता को उजागर किया। कोक ओवन टीम को प्रेरित करने के लिए सुरक्षा नुक्कड़ नाटक, भाषण प्रतियोगिता, "स्पॉट द हैजर्ड", टूलबॉक्स टॉक, अग्निशमन अभ्यास, फुल-बॉडी हार्नेस प्रदर्शन तथा विषयगत व्याख्यान आदि गतिविधियां हुईं। समापन समारोह के दौरान विभाग के ठेका कर्मचारियों ने सुरक्षा विषयक गीत एवं कविताएं प्रस्तुत कीं, जिनमें पीपीई के उपयोग, शटडाउन प्रक्रियाओं, SOPs/SMPs के पालन तथा व्यवहार-आधारित सुरक्षा (बीबीएस) के महत्व को प्रभावशाली ढंग से दर्शाया गया।

